# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024


**मणिपुर इनर और आउटर में हिंसा के कारण 26 अप्रैल को भी वोटिंग**

**21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग**



### इन राज्यों में हुई अच्छी वोटिंग, बिहार में कम

चुनाव आयोग ने जहां प्रथम चरण में हुई वोटिंग का आल प्रतिशत 60 बताया है वहीं राज्यवार आंकड़ों के मुताबिक, शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा वोटिंग बंगाल में 77.57% हुई तथा सबसे कम वोटिंग बिहार में 46.32% हुई। मध्यप्रदेश में 63%, राजस्थान में 50% वोट डाले गए।

# छग में दो ब्लास्ट, एक जवान शहीद, कमांडेंट घायल

# मणिपुर में चली गोलियां, प. बंगाल में पथराव

*लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर शुक्रवार को शाम पांच बजे तक लगभग 60 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ में भैरमगढ़ के अंतर्गत चिहका मतदान केंद्र के करीब प्रेशर बम में विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक सहायक सेनानी घायल हो गए हैं। वहीं बीजापुर में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। मणिपुर में एक बूथ में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों के घायल होने के समाचार हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आईं। लोकसभा चुनाव के साथ अरुणाचल और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान हुआ। इस चुनाव में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा के प्रथम चरण के चुनाव में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हुई। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार में हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। ब्लास्ट में एक असिस्टेंट कमांडेंट घायल हैं। वहीं बीजापुर में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ का एक जवान देवेन्द्र कुमार शहीद हो गया। प्रथम चरण में सबसे ज्यादा 102 सीटों में वोटिंग हुई है। मणिपुर की दो लोकसभा सीटों मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर में हिंसा को देखते हुए इधर कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी।

निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि अपराह्न तीन बजे तक का 49.78 प्रतिशत तक मतदान हुआ था लेकिन दो घंटे में मतदान में तेजी आई और चुनाव समाप्त होने तक अनुमानित 60 प्रतिशत होने की जानकारी है। हिंसा प्रभावित मणिपुर में करीब 45.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालांकि चुनाव आयोग का कहना है कि मतदान प्रतिशत कुछ बढ़ भी सकता है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## लोस चुनाव : पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ





### कुछ जगह ईवीएम में खराबी की शिकायतें

तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई। मणिपुर, असम, प. बंगाल, अरुणाचल व तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर ईवीएम के खराब होने तथा मणिपुर में कुछ वोटिंग मशीनों को नुकसान पहुंचाए जाने की भी खबरें आईं।



### निर्वाचन आयुक्त ने कहा- मतदाताओं का वोट सुरक्षित

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से जुड़ी आशंकाओं को खारिज करते हुए लोगों को विश्वास दिलाया कि उनका वोट सुरक्षित है। कुमार ने कहा कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं क्योंकि बड़ी मात्रा में तकनीकी, प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक सुरक्षा मानक अपनाए गए हैं। सीईसी ने कहा मतदान का आनंद लीजिए। यह मतदान का आनंद उठाने का समय है, किसी चीज पर संदेह करने का नहीं। कुमार ने कहा, "आपका वोट सुरक्षित है और आपके वोट के तौर पर ही दर्ज होगा।

### विभिन्न कारणों से मतदान हुआ प्रभावित

पूर्वी नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार सीट पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। श्रीपेरुम्बुदूर लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले तम्बाराम के समीप एक मतदान केंद्र तथा कुछ अन्य मतदान केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में तकनीकी खामी के कारण मतदान में करीब एक घंटे की देरी हुई।

## नक्सल इलाके में जमकर वोट शाम को लौट आया मतदान दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के 11 में से एकमात्र बस्तर सीट पर प्रथम चरण का मतदान छिटपुट हादसों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न हुआ। यहां शहर से लेकर गांव तक मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई पड़ा। मतदान शुरू होने से एक घंटे पहले 6 बजे से ही मतदाताओं की कतारें मतदान केंद्र के सामने जुट गई थी। शाम तक वोटिंग का सिलसिला जारी रहा। इस बीच बीजापुर जिले के उसूर थाना अंतर्गत सुरक्षा कैंप गलगम में यूबीजीएल सेल के विस्फोट से सीआरपीएफ का जवान देवेन्द्र कुमार शहीद हो गए। शाम को मतदान समाप्ति के बाद से मतदान दलों का वापस आना भी शुरू हो गया है।

### अतिसंवेदनशील पालम, धर्माबेड़ा, ककनार, चंदेला में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

सेक्टर आफिसर प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि अतिसंवेदन मतदान केंद्र पालम, धर्माबेड़ा, ककनार, चंदेला में 80 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई। चंदेला मतदान केंद्र में पुरुष मतदाता 210 व महिला मतदाता 218 ने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 428 मतदाता का वोटिंग प्रतिशत 82.46 रहा। इसी तरह अमलीधार धर्माबेड़ा मतदान केंद्र में पुरुष 206 व महिला 224 ने मतदान किया, कुल 430 मतदाता का प्रतिशत 82.21 रहा। ककनार ▶▶ शेष पेज 5 पर

- सुबह 6 बजे से मतदान केंद्रों में लंबी कतारें, शहर से लेकर गांव तक मतदान को लेकर भारी उत्साह



### एरिया डोमिनेशन पर निकली थी पार्टी, तभी हुआ ब्लास्ट, जवान शहीद

बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन के लिए निकली थी पुलिस पार्टी तभी यूबीजीएल फट गया, इसकी चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। उसूर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए घायल जवान को चॉपर से जगदलपुर लाया जा रहा था, लेकिन उपचार से पूर्व जवान की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना भैरमगढ़ ब्लाक के चिहका के करीब हुई। आईईडी ब्लास्ट होने से सहायक सेनानी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए भैरमगढ़ में भर्ती कराया गया है। बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के चिहका में आईईडी ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के सहायक सेनानी घायल ▶▶ शेष पेज 5 पर

## आजादी के बाद पहली बार चांदामेटा में मतदान



**जगदलपुर।** बस्तर संसदीय सीट के जगदलपुर विधानसभा के अंतर्गत दरभा ब्लाक के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित गांव चांदामेटा में आजादी के 75 साल बाद पहली बार लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने बताया कि यहां कुल 330 मतदाताओं में 117 पुरूष और 114 महिला कुल 231 मतदाताओं ने वोट डाले जो 70 प्रतिशत रहा। चांदामेटा के पास तुलसीडोंगरी पहाड़ छत्तीसगढ़ और ओडिशा के नक्सलियों का गढ़ रहा। कोलेंग, चांदामेटा और तुलसीडोंगरी में नक्सलियों की हुकूमत चलती थी और उनका खौफ रहता था मगर इस बार सबकुछ शांति से हुआ।

- 70 प्रतिशत मतदाताओं ने डाले वोट

## नक्सल कमाण्डर हिड़मा के गांव पूवर्ती में 3 दशक बाद 30 मत पड़े

**जगदलपुर।** नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार के फरमान व धमकी का पूवर्ती के मतदाताओं में असर देखने को मिला। यहां के मतदान केन्द्र को सिलगेर शिफ्ट किया गया था, लेकिन 547 मतदाताओं में लगभग 30-35 मतदाता ही मत डालने सिलगेर पहुंचे। वहीं इससे अधिक मतदाता अमिट स्याही लगाने सिलगेर नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद निर्धारित समय तक इतने ही मत पड़े।

- पूवर्ती मतदान केन्द्र को सिलगेर किया गया था शिफ्ट, पोलिंग बूथ में है 547 मतदाता
- स्याही नहीं लगाने के निर्देश के बादजूद नहीं पहुंचे मतदाता

### नक्सलियों की धमकी व चुनाव बहिष्कार फरमान का दिखा असर



**अगली बार पूवर्ती को मतदान केंद्र बनाया जाएगा**

पूवर्ती मतदान केन्द्र को सिलगेर शिफ्ट किया गया था। जहां पूवर्ती के 30 से अधिक मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए आने वाले समय में पूवर्ती में ही मतदान केन्द्र खोला जाएगा। बावजूद लगभग तीन दशक के बाद भी लोग मत डालने पहुंचे थे।

- किरण चव्हाण, एसपी, सुकमा




FOR DISTRIBUTOR / DEALER
ENQ 851 787 0000


## खबर संक्षेप

### एडमिरल दिनेश त्रिपाठी होंगे नए नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी इस महीने के अंत तक नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे। वह निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार का स्थान लेंगे। एडमिरल कुमार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे।

### सिप्ला पर लगा 1.83 करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

## मारे गए नक्सलियों में से 12 के शव लेने नहीं पहुंचे परिजन

- 17 शव परिजन ले गए, भरे गले से कहा- परिवार की बात सुनते तो नहीं होता यह सब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कलपर मुठभेड़ के चौथे दिन तक 29 में से 17 नक्सलियों के शव को उनके परिजन पहचान करके ले गए। कुछ परिजनों का कहना है कि परिवार की बात मान जाते तो आज का यह दिन नहीं देखना पड़ता।

मेडिकल कॉलेज के एटानॉमी विभाग में पीएम के दौरान और पीएम होने के बाद परिजनों को शव को दिखाया जा रहा है और जो पहचान कर रहे हैं, उनके बयान दर्ज कर शव को सौंपा जा रहा है। मेडिकल विभाग व पुलिस की टीम जब ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इनके शव नहीं ले गए

कुछ शव रखे गए हैं। इनमें दक्षिण बस्तर के करेगुड़ेम निवासी बदरू, पूर्व बस्तर के ग्राम खोंडोस निवासी अनिता, गढ़चिरौली राज्य के ग्राम मिडंदापल्ली निवासी सुरेखा, नेंडूर निवासी कविता, दक्षिण बस्तर के ग्राम अपेल निवासी भूमे, दरभा क्षेत्र से रोशन, बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र के ग्राम पीडिया निवासी देवाल,दक्षिण बस्तर के ग्राम उकुड़ निवासी अन्वेष, बस्तर के ग्राम कोरेन्जेड निवासी जनिला उर्फ मोढी कोवादी, बस्तर के ग्राम करका निवासी संजीला मड़कम, प्रकेली निवासी राजू कुरसाम, नारायणपुर जिले के ओरछा क्षेत्र के ग्राम बटवेड़ा निवासी शर्मिला शामिल है।

### इनकी लाश ले गए परिजन

बीजापुर जिले के गंगालूर के ग्राम चोखनपाल निवासी बचनू, बीजापुर जिले के मिरतुर थाना के ग्राम वेचापाल निवासी रमेश ओयम, बीजापुर जिले के गंगालूर के ग्राम मर्रेवाड़ा निवासी कार्तिक, जिला बीजापुर के मैमेंड के ग्राम दुरदा निवासी दीनू उर्फ गुड्डार, जिला बीजापुर के भैरमगढ़ क्षेत्र की ग्राम ताकीसोड़ निवासी गीता, जिला बीजापुर के भैरमगढ़ क्षेत्र की ग्राम ऊतला निवासी बजनात, जिला बीजापुर के भैरमगढ़ क्षेत्र के ग्राम मर्रामेटा निवासी सीताराम, जिला नारायणपुर के ओरछा क्षेत्र के ग्राम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नामांकन में भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत

*भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज की नामांकन रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री, रथ पर सवार होकर किया नगर भ्रमण, जनता से मांगा आशीर्वाद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है। इसलिए लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है और दिल्ली में भी सरकार बनने पर आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा लेकिन हम कह रहे हैं कि आरक्षण खत्म नहीं होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं कि एसटी, एससी, ओबीसी का आरक्षण खत्म ▶▶ शेष पेज 5 पर




### कांग्रेस खा गई गौठानों का गोबर भी

सीएम ने कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने पांच वर्षों तक छत्तीसगढ़ में राज किया लेकिन अपने वादों को पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार, अपराध का गढ़ बना दिया गया। नरवा-गरवा, घुरवा-बाड़ी के गोबर तक कांग्रेसी खा गए। जिस तरह विस चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया वैसे ही लोकसभा चुनाव में सूपड़ा साफ कर सभी 11 सीटों को जीताकर भाजपा को देना है।

### रायपुर में कांग्रेस प्रत्याशी विकास ने निकाली रैली, भरा पर्चा



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने शुक्रवार को सभा के बाद बड़ी रैली निकाल कर नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली से पहले पुराने कांग्रेस भवन के सामने गांधी मैदान में सभा की गई। इस सभा ▶▶ शेष पेज 5 पर

*उपमुख्यमंत्री शर्मा की सुरक्षा में चूक*

## निर्धारित हेलीपैड में नहीं हुई हेलीकॉप्टर की लैंडिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा हेलीकॉप्टर से कवर्धा पहुंचे थे और प्रशासन द्वारा हेलीकॉप्टर की लैंडिग के लिए कवर्धा स्थित न्यू पुलिस लाइन में बने हेलीपैड को निर्धारित किया था, लेकिन बताया जा रहा है कि उप मुख्यमंत्री का ▶▶ शेष पेज 5 पर



### गलतफहमी के कारण हुआ यहः विजय शर्मा

सुरक्षा में चूक के इस मामले में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि यह सुरक्षा में चूक नहीं है, बल्कि गलतफहमी के कारण हेलीकॉप्टर दूसरे हेलीपैड में लैंड हो गया। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

*अदालत ने जांच एजेंसी की क्लोजर रिपोर्ट पर केस किया बंद*

## ईओडब्लू-एसीबी की जांच में अमन सिंह निकले पाक-साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह ईओडब्ल्यू और एसीबी की जांच में पाक-साफ निकले हैं। एजेंसी ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट अदालत में पेश की। जिसके बाद अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने का मामला खत्म हो गया है। क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया था, अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला नहीं बनाया जा सकता है।



### राजनीतिक तौर पर बनाया निशानाः सुनील कुमार

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव सुनील कुमार जिन्होंने कांग्रेस और भाजपा दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया है ने शासन और लोक सेवकों के मनोबल पर राजनीतिक उत्पीड़न के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में बात की। उन्होंने कहा राजनीतिक विचारों के लिए ईमानदार अधिकारियों को निशाना बनाया जाना हतोत्साहित करने ▶▶ शेष पेज 5 पर



### गलत तरीके से निशाना बनाया गयाः जेठमलानी

प्रसिद्ध आपराधिक वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के तहत एफआईआर का इस्तेमाल "एक ईमानदार अधिकारी अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह, एक प्रसिद्ध कलाकार को गलत तरीके से निशाना बनाने के लिए किया गया था, जिससे उन्हें सजा भुगतनी पड़ी." कई वर्षों तक परीक्षण और क्लेश". उन्होंने कहा, हालांकि, अदालत द्वारा उन्हें बरी किए जाने से आखिरकार न्याय मिल गया।



सूत्रों के अनुसार एक आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर अमन सिंह व उनकी पत्नी यास्मीन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने का मामला पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दर्ज किया गया था। ईओडब्ल्यू-एसबी में केस दर्ज होने के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी, लेकिन तीन साल तक जांच करने के बाद भी आरोप साबित नहीं हुए। पिछले साल दिसंबर में राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी थी। न्यायालय ने इस पर विचार करने के बाद क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार की और एफआईआर निरस्त करने का आदेश दिया है।







एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव में वोटिंग की शुरुआत 19 अप्रैल से हो गई है। सात चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव में पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। यह पहला मौका नहीं कि जब कोई क्रिकेटर लोकसभा चुनाव के जरिए संसद पहुंचने की कोशिश में हैं। गौतम गंभीर, नवजोत सिंह सिद्धू, मोहम्मद अजहरुद्दीन, कीर्ति आजाद, चेतन चौहान चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंच चुके हैं। मोहम्मद कैफ, मनोज प्रभाकर, मंसूर अली खान पटौदी जैसे कई क्रिकेटर लोकसभा चुनाव हार भी चुके हैं। अब यह देखना है कि विश्व कप जीत चुके यूसुफ पठान का नाम चुनाव जीतने वाले क्रिकेटरों में दर्ज होता है या उन्हें निराशा हाथ लगती है।*

## पटौदी, कैफ से लेकर आजाद, प्रभाकर तक कई खिलाड़ियों ने आजमाई है किस्मत

# वे क्रिकेटर, जिनका लोकसभा चुनाव में नहीं चला जादू

### चुनावी मैदान पर काम नहीं आई 'फील्डिंग'


भारत के सबसे बेहतरीन फील्डर्स में शुमार मोहम्मद कैफ भी राजनीति में उतरे लेकिन यहां उनकी फील्डिंग नहीं चल पाई। मोहम्मद कैफ ने 2014 में कांग्रेस जॉइन की और इसी साल उत्तर प्रदेश के फूलपुर सीट से चुनाव लड़े। बतौर क्रिकेटर बेहद लोकप्रिय कैफ अपनी लोकप्रियता चुनाव में नहीं भुना सके और 58 हजार वोट के साथ चौथे नंबर पर रहे।



मंसूर अली खान पटौदी।



मनोज प्रभाकर।



विनोद कांबली।



मोहम्मद कैफ।



मोहम्मद अजहरुद्दीन ।

### क्रिकेट में चमके, राजनीति में किया निराश

सचिन तेंदुलकर के बालसखा और अपने जमाने के स्टार क्रिकेटर विनोद कांबली ने भी राजनीति में एंट्री की थी, लेकिन वे यहां अपनी पारी लंबी नहीं खींच सके। 17 टेस्ट और 104 वनडे मैच खेलने वाले विनोद कांबली ने 2009 के लोकसभा में खुद को आजमाया। वे लोक भारती पार्टी की ओर से चुनाव में उतरे, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया।

### सुषमा स्वराज से हारा ऑलराउंडर

भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर रहे मनोज प्रभाकर ने क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद राजनीति के मैदान पर भी खुद को आजमाया। उन्होंने 1996 के लोकसभा चुनाव में ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी कांग्रेस) से चुनाव लड़ा। उनके सामने भाजपा की दिग्गज सुषमा स्वराज और कांग्रेस के कपिल सिब्बल थे। 39 टेस्ट मैच खेलने वाले मनोज प्रभाकर को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। साउथ दिल्ली की इस सीट पर सुषमा स्वराज जीती थीं. प्रभाकर तीसरे नंबर पर रहे।

### जीते भी और हारे भी अजहर और आजाद


मोहम्मद अजहरुद्दीन और कीर्ति आजाद उन क्रिकेटरों में शामिल हैं, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में जीत भी दर्ज की और उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा। कांग्रेस प्रत्याशी रहे अजहर 2009 में मुरादाबाद सीट जीतकर लोकसभा चुनाव पहुंचे। लेकिन 2014 में उन्हें टोंक-सवाई माधोपुर सीट से हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह कीर्ति आजाद को 2014 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली और 2019 में हार का सामना करना पड़ा। 1983 में विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे कीर्ति आजाद के पिता भगवत झा आजाद बिहार के मुख्यमंत्री रहे थे।

### एक नहीं, दो-दो बार हारे टाइगर पटौदी

भारत के बेहतरीन कप्तानों में शुमार मंसूर अली खान पटौदी ने भी राजनीति में खुद को आजमाया था। लेकिन टाइगर पटौदी को जो प्यार क्रिकेट के मैदान पर मिला, वह राजनीति में नहीं। विशाल हरियाणा पार्टी की ओर से 1971 और 1975 में खुद को चुनाव मैदान पर आजमाने वाले नवाब जूनियर पटौदी को दोनों ही बार हार का सामना करना पड़ा। टाइगर पटौदी के पिता इफ्तिखार अली खान पटौदी भी भारतीय टीम के लिए खेले। मंसूर अली खान पटौदी ने 1961 से 1975 के बीच भारत के लिए 46 टेस्ट मैच खेले।

## आमने/सामने

### भाजपा से हर वर्ग परेशान : धनेंद्र साहू



*प्रदेश के पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा, हर वर्ग सत्ता में कांग्रेस को फिर से देखना चाहता है। कांग्रेस ने हमेशा हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्य किए हैं। भाजपा सरकार की नीतियों से सभी वर्ग परेशान हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है। बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। विपक्ष पर ईडी, सीबीआई जैसे संस्थानों का दुरुपयोग कर देश के लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है।*

### कांग्रेस मुद्दाविहीन : विष्णुदेव साय



*प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है। उसके पास कोई काम नहीं है, इसलिए बरगलाने का काम कर रही है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी, लेकिन पीएम मोदी ऐसा कभी नहीं होने देंगे। आरक्षण कभी खत्म होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अभी एक लाख रुपए देने के लिए फॉर्म भरवा रही है। इस पर जनता को भरोसा नहीं है।*

# पहले दो चरण, 2831 उम्मीदवार, सिर्फ 237 महिलाएं, राष्ट्रीय दलों ने दिया दगा

*लोकसभा चुनाव में आधी आबादी का वोट भी मायने रखता है, महिलाओं का दिल जीतने के लिए सभी पार्टियां अपने सियासी पिटारे से कई वादें निकालती हैं। इसके ऊपर सभी चाहते हैं कि राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, सभी चाहते हैं कि उन्हें भी ज्यादा से ज्यादा आगे आने का मौका मिले। लेकिन राजनीति में करनी और कथनी में अंतर होना आम बात है। एक बार फिर वादों से उलट वैसी ही स्थिति 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिल गई है।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चुनाव के दो चरणों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल उम्मीदवारों में महिला प्रत्याशियों की संख्या काफी कम है। सभी पार्टियों ने भरोसा जरूर दिया था कि स्थिति बदलेगी, ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को टिकट दिया जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिखा नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि दो चरणों के लिए चुनावी मैदान में कुल 2831 उम्मीदवार खड़े हैं, वहां पर महिला उम्मीदवारों की संख्या सिर्फ 237 है, यानी कि 8.3%।

### 237 महिला उम्मीदवार भी मैदान में

अब हैरानी की बात ये है कि ये 237 महिला उम्मीदवार भी मैदान में दिखाई दे रहे हैं, वहां पर राष्ट्रीय पार्टियों का शेयर ना के बराबर है। बीजेपी, कांग्रेस जैसी पार्टियों ने महिला प्रत्याशियों पर ज्यादा भरोसा नहीं जताया है। इससे उलट जिन पार्टियों की ज्यादा चर्चा नहीं होती है, जिन पार्टियों का ज्यादा जनाधार नहीं माना जाता है, मीडिया से भी जो दूर ही दिखाई देती हैं, उनकी तरफ से ज्यादा महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है। इन्हें गैर मान्यता वाली पार्टियां कहा जा सकता है जिन्हें ना राष्ट्रीय दल का तमगा प्राप्त है और ना ही क्षेत्रीय दलों का। अब ये बात भी दो चरणों के आंकड़ों से समझ आ जाती है।

### राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की केवल होती हैं बातें




### 87 महिला प्रत्याशी निर्दलीय

असल में जो 237 महिला उम्मीदवार दिखाई दे रही हैं, वहां पर 92 महिला प्रत्याशी तो इन गैर मान्यता पार्टी द्वारा ही उतारे गए हैं। इसके बाद 87 महिला प्रत्याशी ऐसी हैं जो निर्दलीय ही चुनावी मैदान में उतरी हैं। क्षेत्रीय दलों की बात करें तो उनकी तरफ से सिर्फ 12 महिला कैंडिडेट्स को मौका दिया गया है और राष्ट्रीय पार्टियों के लिए ये आंकड़ा 46 बैठ रहा है। अब हर कोई ये जानना चाहता है कि बीजेपी-कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टियों ने कितने महिला उम्मीदवारों को पहले दो चरणों में उतारा है।

### 15 फीसदी महिला उम्मीदवारों को मौका

पहले दो चरणों में बीजेपी की तरफ से 15 फीसदी महिला उम्मीदवारों को मौका दिया गया है, दूसरे नंबर पर लेफ्ट है जिसने 13 फीसदी महिला प्रत्याशियों को उतारा है। तीसरे नंबर पर देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस है जिसने 10 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। सबसे आखिर में मायावती की बसपा है जिसने 7 फीसदी महिला उम्मीदवारों को उतारा है। यानी कि बात जब बड़ी पार्टियों की आती है तो महिला उम्मीदवारों को उतारने के मामले में बीजेपी सबसे आगे है।

### एक ही नाम की महिला प्रत्याशी

*अगर कुछ दूसरे राज्यों की बात करें तो राजस्थान के भरतपुर में भी कुल 6 प्रत्याशियों में से 3 महिला हैं, वहीं केरल के वडकरा और अलाथुर में 40 फीसदी महिला उम्मीदवार दिखे हैं। एक काफी दिलचस्प तथ्य केरल की ही वडकरा सीट को लेकर सामने आया है। यहां से जो 4 महिला प्रत्याशी मैदान में उतरी हुई हैं, उन सभी का एक ही नाम है, बस स्पेलिंग थोड़ी अलग है। यहां से लेफ्ट ने राज्य की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री KK Shailaja को उतार रखा है। दूसरे प्रत्याशियों के नाम Sylaja P, Shylaja और KK Shylaja हैं।*

### यहां महिला उम्मीदवार सबसे ज्यादा

अब अगर पूरे देश में सबसे ज्यादा महिला उम्मीदवार उतारने वाली सीट की बात करें, यहां पर दक्षिण का राज्य तमिलाडु सबसे आगे चल रहा है। तमिलनाडु की करूर सीट ऐसी है जहां पर 7 महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरी हुई हैं, वहां पर एक राष्ट्रीय पार्टी से है तो बाकी सभी निर्दलीय ही अपनी किस्मत आजमा रही हैं। करूर के बाद दूसरे नंबर पर कर्नाटक की बेंगलुरू नॉर्थ सीट भी आती है जहां से 6 महिला उम्मीदवार एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं। महाराष्ट्र के अमरावति में भी वही स्थिति बनी हुई है।

## दिग्गजों ने किया मतदान






लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, कमलनाथ सहित कई दिग्गजों ने वोटिंग की।



हरिद्वार में स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने मतदान किया।



कमल हासन।



मुख्तार अब्बास नकवी।



किरण रिजिजू।

*चुनावी रैली में पीएम मोदी ने साधा कांग्रेस, सपा पर निशाना*

## 'वोट बैंक के भूखे लोगों ने किया है प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार'

एजेंसी ▸▸| दमोह



मध्य प्रदेश के दमोह में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने दुनिया में चल रहे युद्ध का भी जिक्र किया। इमलाई गांव के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण कांग्रेस और सपा ने ठुकरा दिया था। वोट बैंक के भूखे लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। उन्हें बाबरी का केस लड़ने वालों से सीखना चाहिए था। इससे भी उनका मन नहीं भरा, इसलिए ये आये दिन राममंदिर और सनातन आस्था को गाली दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामनवमी पर प्रभु श्रीराम का भव्य सूर्य तिलक हुआ। जब पूरा देश राममय है तो समाजवादी पार्टी के लोग रामभक्तों को पाखंडी कहते हैं। इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं।

### दिन रात काम कर रहा मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर एससी, एसटी और ओबीसी को धोखा देती रही हैं। मगर ज्योतिबा फुले, बाबा साहब अंबेडकर और चौधरी चरण सिंह के सामाजिक न्याय का सपना पूरा करने के लिए मोदी दिन रात काम कर रहा है।

## महेश खिची को बनाया आप ने उम्मीदवार, 26 को चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मेयर पद के चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। आप नेता गोपाल राय ने कहा कि मेयर पद के लिए महेश खिची उम्मीदवार बनाए गए हैं। वहीं डिप्टी मेयर के लिए रविंद्र भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने ऐलान किया है कि नगर निगम मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव आप कांग्रेस से साथ मिलकर लड़ेगी। महेश खिची करोल बाग के वार्ड देवनगर वार्ड-84 से पार्षद हैं। इन्होंने पार्टी के लिए जमीनी स्तर से काम किया है।

*कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी पर किया पलटवार*

## 'मंदिरों में दलितों को अनुमति नहीं, मेरा अयोध्या जाना उन्हें बर्दाश्त नहीं होता'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के इस आरोप का खंडन किया कि कांग्रेस राजनीतिक मजबूरियों के कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूर रही। मीडिया के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, अनुसूचित जातियों को अभी भी कई मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं है, और अगर मैं (अयोध्या) गया होता तो क्या वे इसे बर्दाश्त करते? राम मंदिर छोड़िए, कहीं भी जाओ, गांव में छोटे-छोटे मंदिर हैं, वहां जाने की इजाजत नहीं है। अगर मैं जाता, तो क्या वे इसे बर्दाश्त करते?" राम मंदिर से जुड़े सवाल पर खड़गे ने कहा, "यह व्यक्तिगत आस्था है।

### भाजपा ने किया राष्ट्रपति का अपमान

मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके पहले राष्ट्रपति रहे राम नाथ कोविंद को अपमानित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दोनों व्यक्तियों का अपमान इसलिए हुआ क्योंकि वे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज से हैं। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू को अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह और नए संसद भवन के उद्घाटन में आमंत्रित नहीं किया गया, जबकि रामनाथ कोविंद को नए संसद भवन की आधारशिला रखने की अनुमति नहीं दी गई थी।

## 'हम आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं करेंगे, न ही किसी और को इसे छूने देंगे'

### नामांकन दाखिल करने के बाद बोले गृहमंत्री शाह



**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के आरोप निराधार हैं, हम आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। बहुमत का दुरुपयोग करने की परंपरा किसी पार्टी की रही है, तो वो केवल कांग्रेस की रही है। इंदिरा गांधी ने बहुमत का दुरुपयोग इमरजेंसी लगाने में किया था, लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए किया था। शाह ने खुलकर कहा, "विपक्षी दल संविधान बदलने के मुद्दे को आरक्षण से जोड़कर पेश कर रही है। लेकिन मैं साफ कर देना चाहता हूं कि हमारे पास 2014 में भी संविधान बदलने के लिए पूर्ण बहुमत था और 2019 में तो भाजपा को पूर्ण बहुमत था। 10 साल से नरेंद्र मोदी जी पूर्ण बहुमत की सरकार के साथ शासन कर रहे हैं।

## संजय गांधी की मौत के बाद 1980 का है वाकया, इंदिरा ने कर दिया था मना

# चुनाव लड़ने संविधान में संशोधन करवाना चाहती थीं मेनका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

संजय गांधी की मौत (23 जून, 1980) के बाद उनकी पत्नी मेनका गांधी अपने पति के संसदीय क्षेत्र अमेठी से चुनाव लड़ना चाहती थीं। लेकिन तब उनकी उम्र 25 वर्ष नहीं थी, जो भारत में चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु है। ऐसे में मेनका चाहती थीं कि उनकी सास और देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी संविधान में संशोधन कर चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु को ही कम कर दें।

हालांकि इंदिरा गांधी ने ऐसा नहीं किया और उपचुनाव में राजीव गांधी को अमेठी से उतार दिया। ऐसे में मेनका ने जब राजनीतिक सक्रियता दिखाने की कोशिश की थी, तो इंदिरा ने उन्हें घर से निकाल दिया। ससुराल से निकाले जाने के बाद मेनका गांधी ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं स्पष्ट कर दीं। अमेठी से राजीव गांधी को उपचुनाव में मिली जीत के एक साल बाद, मेनका गांधी ने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने अमेठी में संकल्प लिया कि वह अपने जेठ (राजीव गांधी) के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेगीं। उन्होंने संजय के करीबी और विश्वासपात्र अकबर अहमद के साथ राष्ट्रीय संजय मंच की स्थापना की और 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से आम चुनाव लड़ा।



### प्रचार के लिए सोनिया को उतारा

चुनाव से पहले राजीव गांधी खेमे ने सोचा था कि मेनका को हराना उनके लिए आसान काम नहीं होगा क्योंकि वह जमीन पर सक्रिय रूप से काम कर रही थीं। अमेठी की आबादी में बड़े पैमाने पर महिला मतदाता शामिल थीं, और इसलिए राजीव गांधी ने अपनी पत्नी सोनिया से इस निर्वाचन क्षेत्र में उनके साथ प्रचार करने के लिए कहा।

### अचानक बदल गया माहौल

31 अक्टूबर, 1984 के बाद चीजें नाटकीय रूप से बदल गईं, जब इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षक द्वारा हत्या कर दी गई। इसके परिणामस्वरूप राजीव गांधी अंतरिम प्रधानमंत्री बने और चुनाव में जनता की भावना उनके पक्ष में चला गया। हालांकि, मेनका इससे विचलित नहीं हुईं। अब उनका मुकाबला एक सांसद से नहीं, बल्कि एक प्रधानमंत्री से था। उन्होंने इसे अपने प्रचार का मुद्दा बनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी के पास अमेठी के लिए अतिरिक्त समय नहीं होगा। इंडिया टुडे मैगजीन की एक रिपोर्ट में मेनका गांधी के एक भाषण का जिक्र मिलता है, जिसमें वह कहती हैं, "श्रीमती गांधी को याद करें? जब वह विधवा हो गईं, तो वह अपने पति के निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के लोगों के पास गईं। लोगों ने उन्हें वोट दिया और रायबरेली में खूब विकास हुआ। लेकिन एक बार जब वह प्रधानमंत्री बन गईं, तो रायबरेली का पतन शुरू हो गया। यहां भी वैसा ही होगा। इसलिए मैं कहती हूं।"हालांकि, माहौल राजीव गांधी के पक्ष में था। कांग्रेस को शानदार जीत मिली। 514 में से 404 सीटें जीतीं। अमेठी में उन्होंने मेनका गांधी को 3.14 लाख से अधिक वोटों से हराया। मेनका गांधी की जमानत जब्त हो गई और फिर उन्होंने कभी भी अमेठी से चुनाव नहीं लड़ा।

बिलासपुर
शनिवार 20 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 24, अंक : 27
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 42.4
न्यून. 23.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 पंत की भावुक घर वापसी, दिल्ली...

विचार पेज
2 हाईवे बनेंगे वायु सेना के रनवे




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## भाजपा ने झोंकी ताकत...मोदी-शाह-योगी की सभाएं, गृहमंत्री रात रूककर बनाएंगे रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कांकेर में 29 नक्सलियों के मारे जाने के बाद अचानक रायपुर और कांकेर का दौरा तय हुआ है। वे 21 अप्रैल की रात रायपुर आ रहे हैं। यहां आने के बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में चुनावी रणनीति पर मंथन करेंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव और अन्य मंत्रियों से भी अलग से बात करेंगे। 22 अप्रैल को कांकेर में सभा लेने के बाद वे महाराष्ट्र जाएंगे। इधर चुनावी सभाओं में 21 अप्रैल को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन सभाएं होंगी। इसी दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भी दो सभाएं होंगी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में होना है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कल खुज्जी, कोरबा और बेलतरा में सभाएं

### शाह देंगे जीत का मंत्र

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 अप्रैल को रात 8 बजे विशेष विमान से रायपुर पहुंचेंगे। यहां आने के बाद वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ कलस्टर के प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारियों, संयोजकों और सह-संयोजकों के साथ बैठक करके उनको जीत का मंत्र देंगे। साथ ही उनसे लोकसभा की स्थिति के बारे में जानकारी लेंगे।

### मुख्यमंत्री और मंत्रियों के साथ भी बैठक



श्री शाह की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा, अरुण साव और अन्य मंत्रियों के साथ बैठक होगी। इस बैठक में भी चुनावी चर्चा तो होगी ही, साथ ही कांकेर में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के बारे में चर्चा होगी। श्री शाह पूरे मामले की जानकारी लेंगे। श्री शाह रात को ठाकरे परिसर में ही रुकेंगे। इसके बाद दूसरे दिन 22 अप्रैल को 12 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मोदी 23 को आएंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 को जांजगीर-चांपा और महासमुंद लोकसभा में चुनावी सभाएं लेंगे। सक्ती विधानसभा में दोपहर 3.15 पर एवं धमतरी में शाम पांच बजे श्री मोदी की सभा होगी। जांजगीर के लिए वित्तमंत्री ओपी चौधरी और धमतरी के लिए टंकराम वर्मा को संयोजक बनाया गया है।

## सरधा डेम में पलटी दर्शनार्थियों की नाव 25 डूबे, चार शव बरामद, सभी रायगढ़ के

*छग सीमा से लगे झारसुगुड़ा के सरधा डेम में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां मंदिर दर्शन और बांध में घूमने गए पर्यटकों की नाव पलट गई, जिसमें 25 लोगों के डूबने की खबर है। शाम तक चार शव निकाले गए थे, कई अभी लापता हैं। सभी मृतक रायगढ़ जिले के बताए जा रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

खबर है, पिकनिक मनाने के लिए करीब 50 लोगों का एक समूह नाव से पत्थरसेनी मंदिर गया था। इसी बीच नाव नदी में डूब गई। नाव में करीब 20 से 25 लोग कोतरलिया के थे। बताया जा रहा है कि यह घटना शाम करीब 4 बजे घटित हुई है। सूचना मिलने के बाद झारसुगुड़ा एसपी, रेंगाली थाना प्रभारी सहित एक दर्जन से अधिक रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची है। सभी मृतक रायगढ़ जिले के बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के कोतरलिया निवासी गंगाराम लोहर के यहां खरसिया से 50 लोग पहुंचे थे, जहां से सभी एक साथ ओडिशा के पंचगांव स्थित पत्थरसेनी मंदिर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### झारसुगुड़ा पुलिस सहित रेस्क्यू टीम पहुंची, 40 को निकाला, कई लापता

### लापरवाही पर आक्रोश

स्थानीय जानकारों की मानें तो इससे पहले भी इस तरह की एक घटना हुई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में इस घटना के बाद शासन ने नाव में लाइफ जैकेट सहित अन्य सुरक्षा उपकरण अनिवार्य कर दिया था, इसके बाद लापरवाही बरती गई। जिसके कारण अब घटना स्थल पर काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।



### कलेक्टर-एसपी ने 50 लोगों को सुरक्षित उनके गांवों के लिए किया रवाना

महानदी नाव दुर्घटना से सुरक्षित बचाए गए 50 लोगों को बस से वापस उनके गांव रवाना कर दिया गया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रेस्क्यू अभियान जारी

घटना की जानकारी रायगढ़ जिला प्रशासन को दिया गया है। हमने बचाव अभियान के लिए सभी संसाधन जुटाए हैं। रेस्क्यू आपरेशन जारी है।

- अबोली सुनील नरवाने, कलेक्टर, झारसुगुड़ा, ओडिशा

### महिला का शव बरामद

अभी तक एक महिला का शव बरामद हुआ है जबकि 8 लापता हैं। रेस्क्यू टीम के द्वारा लापता लोगों की खोजबीन की जा रही है।

- अभिमन्यु दुर्गा थाना प्रभारी, रेंगाली

## ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर पर इजराइल का हमला



नई दिल्ली। ईरान द्वारा हमला किए जाने के बाद इजराइल ने ईरान पर पलटवार करते हुए बड़ा हमला किया है। अमेरिकी मीडिया की तरफ से यह दावा किया गया है। ईरान के इस्फहान एयरपोर्ट के पास धमाकों की आवाज सुनी गई है। बता दें कि ईरान का नतांज परमाणु संयंत्र इस्फहान में ही स्थित है।

### एयर इंडिया की तेल अवीव की फ्लाइट्स रद्द

एयर इंडिया ने शुक्रवार को ईरान पर इजराइल के हमले के चलते 30 अप्रैल तक तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा कि मिडिल ईस्ट में हालातों को देखते हुए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 30 अप्रैल 2024 तक सस्पेंड रहेंगी। जिन यात्रियों ने टिकट बुक की है, उन्हें फ्री रिशेड्यूल और कैंसिलेशन का विकल्प मिलेगा।

### परमाणु संयंत्रों को बनाया निशाना

मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि इजराइल ने ईरान के परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाया है। इजराइल की तरफ से हमले की रिपोर्ट सामने आने के बाद ईरान ने पश्चिमी हिस्से में अपने एयरस्पेस को आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। धमाकों के बाद कई फ्लाइट्स को डाइवर्ट भी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चुनाव के कारण 'गोवाफेस्ट' इस साल होगा मुंबई में



**मुंबई।** विज्ञापन उद्योग के वार्षिक 'गोवाफेस्ट' का 17वां संस्करण लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वित्तीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने कहा, विज्ञापन उद्योग के अधिकारियों और अन्य हितधारकों की वार्षिक सभा अगले साल फिर गोवा में ही होगी।

### दुधवा टाइगर रिजर्व के दो तेंदुए मृत पाए गए

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा तहसील के तंडपुरवा गांव के पास दुधवा बफर जोन के धौरहरा रेंज क्षेत्र में गन्ने के एक खेत में दो तेंदुए मृत पाए गए। दुधवा टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय निदेशक ललित वर्मा ने कहा कि आपसी लड़ाई में दो नर तेंदुओं के मारे जाने की खबर है, जिनकी उम्र लगभग दो साल है। वन विभाग के सूत्रों ने कहा कि तेंदुओं के शवों पर पाए गए बड़े घाव जानवरों के बीच आपसी लड़ाई की ओर इशारा करते हैं। वर्मा ने बताया कि दोनों मृत तेंदुओं का पोस्टमॉर्टम एनटीसीए के दिशानिर्देशों के अनुसार धौरहरा रेंज मुख्यालय में किया गया था।

### आईएस हमले में 22 सरकार समर्थक लड़ाकों की मौत



**बेरूत।** मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट समूह के संदिग्ध सदस्यों के हमले में 22 सरकार समर्थक लड़ाकों की मौत हो गई। युद्ध पर नजर रखने वाले एक संगठन और सरकार समर्थक मीडिया ने बताया कि बंदूकधारियों ने बृहस्पतिवार देर रात सुखना शहर के पास सरकार समर्थित कुद्स ब्रिगेड के सदस्यों को ले जा रही एक बस पर हमला किया।

### कराची में आत्मघाती हमला, पांच जापानी बचे

**कराची।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के कराची में शुक्रवार को आतंकवादियों ने जापान के नागरिकों के एक वाहन को निशाना बनाते हुए आत्मघाती हमला किया लेकिन गनीमत यह रही कि वाहन सवार जापानी नागरिक हमले में बाल-बाल बच गए। जापान के ये नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते हैं।

### महानदी में नौका पलटी दो की मौत, सात लापता



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुडा जिले की महानदी में नौका पलटने से उसमें सवार कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य अब भी लापता हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान नौका में करीब 50 लोग सवार थे जो पथरसेनी कुडा से बारगढ़ जिले के बंजीपल्ली जा रहे थे। मछुआरों ने 35 लोगों को बचा लिया। मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है।

### लुधियाना की कोर्ट ने सुनाया फैसला

## बच्ची को जिंदा दफनाने की दोषी महिला को सजा-ए-मौत

एजेंसी ▶▶ लुधियाना



वर्ष 2021 में अपने पड़ोसी की ढाई साल की बच्ची को जिंदा दफनाने के आरोप में महिला को दोषी पाए जाने के बाद पंजाब के लुधियाना की एक लोकल कोर्ट ने एक महिला के लिए मौत की सजा सुनाई है। जिला और सत्र न्यायाधीश मुनीष सिंघल की अदालत ने 12 अप्रैल को 30 वर्षीय नीलम नाम की महिला को दिलरोज कौर नाम के बच्ची की हत्या के लिए दोषी ठहराया था। सरकारी वकील बी डी गुप्ता ने कहा कि कोर्ट ने यह फैसला गुरुवार को सुनाया। जानकारी के मुताबिक इस केस में अदालत ने शुक्रवार को नीलम को दोषी करार दिया था।

### मां-बाप से विवाद का लिया बदला

अभियोजन के अनुसार लुधियाना के सलेम टाबरी इलाके में 28 नवंबर 2021 को बच्ची की हत्या कर दी गई थी। जानकारी के मुताबिक दोषी पाई गई महिला का लड़की के माता-पिता से कुछ विवाद था। उसने बच्ची का स्कूटर पर अपहरण कर लिया था और इलाके में गड्ढा खोदकर जिंदा दफना दिया था। इस संबंध में सलेमटाबरी थाने में मामला दर्ज किया गया था।

### फायरिंग की घटना के बाद

## सलमान तगड़ी सुरक्षा में दुबई के लिए हुए रवाना

एजेंसी ▶▶ मुंबई



सलमान खान फायरिंग की घटना के बाद एक कार्यक्रम में भाग लेने दुबई के लिए रवाना हो गए हैं। ये पहला मौका है जब घटना के बाद एक्टर भारत से बाहर गए हैं। इस दौरान एयरपोर्ट से उनका एक वीडियो सामने आया है, जो वायरल हो रहा है। वीडियो में सलमान खान तगड़ी सिक्योरिटी के बीच नजर आए। सलमान खान अपने घर पर हुए हमले के बाद लगातार चर्चा में बने हुए हैं। सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट पर रविवार को फायरिंग हुई थी। दो अंजान शख्स ने उनके घर पर गोली चलाई थी। हालांकि, इस घटना में जान-माल की हानि नहीं हुई।

### कड़ी सुरक्षा में सलमान

सलमान खान एयरपोर्ट पर शुक्रवार को मुंबई एयरपोर्ट से दुबई के लिए रवाना होते हुए नजर आए। एक्टर वहां एक इवेंट अटेंड करने जा रहे हैं। इस दौरान उनके साथ बॉडीगार्ड शेरा भी दिखाई दिया। सलमान जब अपनी कार से बाहर निकले, तो उनके साथ सिक्योरिटी गार्ड्स का एक काफिला नजर आया।

### आईएमए की पटना व रायपुर ने दर्ज कराई है शिकायत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बाबा रामदेव से, आपराधिक जांच पर रोक लगाने शिकायतकर्ताओं को भी पक्षकार बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु बाबा रामदेव से अपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका में शुक्रवार को उन शिकायतकर्ताओं को भी पक्षकार बनाने को कहा, जिन्होंने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ मामले दर्ज कराये थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की पटना और रायपुर इकाई ने 2021 में शिकायत दर्ज कराई थी कि रामदेव की टिप्पणियों से कोविड नियंत्रण व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी।



### सभी प्रकरणों को दिल्ली शिफ्ट करवाने की याचिका

छत्तीसगढ़ आईएमए के डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि बाबा रामदेव के खिलाफ उन्होंने राजधानी रायपुर के सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराइ थी। इसी तरह की शिकायत आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह ने भी पटना में दर्ज कराई थी। रामदेव ने रायपुर और पटना सहित अन्य स्थानों में दर्ज प्रकरणों को क्लब करते हुए दिल्ली में शिफ्ट कराने और आपराधिक जांच कार्रवाई रोकने की याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगाई है।

### एलोपैथी की दवाइयों को बताया था असफल

बाबा रामदेव अपने वीडियो में यह कहते नजर आ रहे हैं कि रेमडेसिविर, फेविफ्लू व डीसीजीआई की मान्यता प्राप्त सभी दवाईयां असफल हैं। योग गुरु ने कहा लाखों लोगों की मौत एलोपैथी दवा खाने से हुई है। लोगों की मौत अस्पताल न जाने, ऑक्सीजन न मिलने की वजह से हुई उससे अधिक एलोपैथी की दवाइयां खाने से हुई हैं।' बता दें कि वर्ष 2020 में रेमडेसिविर व फेविफ्लू को कोविड-19 मरीजों के इलाज के लिए सीडीएससीओ की ओर से मंजूरी दी गई थी।



## चिंतन

# पहले चरण के चुनाव में वोटरों में दिखा उत्साह

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान छिटपुट हिंसा को छोड़ दें तो शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। चुनाव को लेकर मतदाताओं में खास उत्साह देख गया, शाम पांच बजे तक औसत 60 फीसदी मतदान हुआ, अंतिम आंकड़े के 70 फीसदी पार जाने की संभावना है। पश्चिम बंगाल व कश्मीर में उम्मीद से अधिक वोटिंग हुई है। कश्मीर में वोटिंग बढ़ने का मतलब है कि लोग वहां विकास कार्यों को सकारात्मक रूप में ले रहे हैं और वहां हो रहे विकासात्मक व सिस्टमैटिक बदलाव को साफ महसूस कर रहे हैं। पहले चरण में चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आईं, वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। यह बहुत दुःखद है। चुनाव आयोग ने मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी की है। चुनाव का शेडयूल जरूर लंबा है और उबाऊ है, लेकिन आयोग का मकसद शांतिपूर्ण मतदान है। पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) में सभी लोकसभा सीटों पर मतदान पूर्ण हो गया। अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम की सभी विधानसभा सीटों पर भी चुनाव संपन्न हो गया। यूं तो अभी चुनाव शुरू हुआ है, लेकिन चुनाव आयोग को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन, बिना चुनाव वाले क्षेत्र में किसी भी प्रकार की रैली, चुनावी सभा, राजनीतिक बयानबाजी आदि पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। केंद्रीय चुनाव आयोग को अपनी आचार संहिता के दायरे को बड़ा करते हुए यह सख्त नियम बनाना चाहिए कि चुनाव के दिन अन्य किसी भी हिस्से में चुनाव प्रचार न चले।। ऐसे चुनाव प्रचार वोटिंग कर रहे मतदाताओं को ध्यान में रखकर ही किए जाते हैं। यह परिपाटी देश में पिछले कई चुनावों से चल रही है। या तो देश में एक डेट में चुनाव हो, या कम से कम चरणों में कम से कम अंतराल पर चुनाव हो। विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे। तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई। नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे। हिंसा प्रभावित मणिपुर में मतदान करीब-करीब शांतिपूर्ण रहा। मणिपुर में कुछ स्थानों पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाए जाने की भी खबरें आईं। पहले चरण में 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस बीच, ईवीएम पर चल रही विपक्ष की राजनीति के बीच केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़ी आशंकाओं को खारिज कर दिया। आयोग ने स्पष्ट कहा कि सबका वोट सुरक्षित है, ईपीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं क्योंकि बड़ी मात्रा में तकनीकी, प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक सुरक्षा मानक अपनाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला है, लोगों को फैसले का इंतजार है। पूर्व में कई बार ईवीएम की तकनीकी दक्षता के प्रमाण दिए जा चुके हैं। ईवीएम के तकनीकी पक्ष पर बहस समाप्त होनी चाहिए।

## सियासत

योगेश कुमार सोनी



# कांग्रेस-आप अपनी अपनी डफली

आम आदमी पार्टी की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पहले से ही पार्टी के चोटी के नेता जेल में थे तो कुछ दिन पहले पार्टी के संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल गए। अभी पार्टी इस हादसे से उभरी भी नही थी कि बीते बुधवार पटेल नगर से विधायक राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और इसके बाद उन्होंने पार्टी भी छोड़ दी। उन्होंने इस्तीफा देते हुए पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर कई तरह के सवाल उठा दिए। इन सब मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाजपा पर सवालिया निशान उठाते हुए जुलूस निकाल रहे हैं। बीते कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी के साथ कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। दिल्ली लोकसभा की सात सीटों पर आम आदमी पार्टी का 4 व कांग्रेस का 3 सीटों के आधार पर बंटवारा हुआ है, लेकिन जैसे ही केजरीवाल जेल गए कांग्रेस ने आंतरिक तौर पर आप से किनारा कर लिया। दरअसल मामला यह है कि आम आदमी पार्टी के नेता कांग्रेस से विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस का समर्थन मांग रहे हैं, जिस पर कांग्रेस ने स्पष्ट मना कर दिया। बीते सोमवार एक कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल भी हुए, लेकिन जैसे ही इसकी खबर बड़े पद पर आसीन नेताओं को मिली तो उन नेता जी को बहुत फटकार पड़ी। इसके अलावा कई नेताओं से संपर्क किया, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने अपनी व्यथा बताते हुए दूरी बना ली। पूर्वी दिल्ली में आप व कांग्रेस की नोक-झोंक भी होती दिखी लेकिन समय रहते स्थिति को संभाल लिया। देखा जा रहा है कि पूरी दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के साथ कहीं भी कांग्रेस खड़ी नजर नही आ रही। इस घटना से दोनों में भारी द्वंद्वता बढ़ती जा रही है, लेकिन गठबंधन के चलते खुलकर विरोध भी नहीं कर सकते। यदि परिस्थितियां ऐसी ही रही हो तो चुनावी समय में वो ऊर्जा नहीं दिखेगी जिस आधार पर गठबंधन हुआ था। ऐसी परिस्थिति से यह तो तय हो रहा है कि यदि गठबंधन द्वारा इन दोनों पार्टियों की कुछ सीटें आ भी गई तो वह चुनाव के बाद तुरंत अलग हो जाएंगे। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी एक दूसरे की प्रतिद्वंद्वी पार्टी हैं। दोनों दलों ने हमेशा एक-दूसरे का जमकर विरोध किया है। फिलहाल में दिल्ली की स्थिति को समझना होगा कि यदि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संदर्भ में चर्चा करें तो आंतरिक तौर पर कांग्रेस खुश है, जो कि उसका बनता भी है चूंकि केजरीवाल ने यदि किसी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया तो वह कांग्रेस है। दिल्ली में केजरीवाल का जितना वोट बैंक है वह सारा कांग्रेस का है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के सभी चोटी के नेता जेल में हैं और प्रचार करने व अपनी बात रखने के लिए कोई बड़ा नेता जनता के बीच मौजूद नही हैं तो इससे कांग्रेस भरपूर फायदा उठा सकती है और दिल्ली के कुछ इलाकों में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है, लेकिन कांग्रेस को नुकसान भी देखने को मिल रहा, चूंकि इस बार दोनों गठबंधन में उतरी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का बंटवारा हुआ है, तो फाइट में कांग्रेस के पास कुछ बड़ा करने के लिए नही हैं। हां, लेकिन आगामी चुनाव पर आंतरिक तौर पर कांग्रेस अपने पुराने वोटरों को जोड़ने में जुट जरूर गई है। आम आदमी पार्टी चारों ओर से घिर चुकी है। हालांकि डूबते को तिनके के सहारे वाली तर्ज पर संजय सिंह का जेल से रिहा होना पार्टी को कुछ ऊर्जा तो दे रहा है,लेकिन इतने बडे चुनाव में वह अकेले किला जीतने के सार्थक नहीं माने जा सकते है। भारतीय राजनीति में गठबंधन का कोई नियम नहीं होता चूंकि सब अपनी जीत के लिए किसी से भी गठबंधन कर लेते हैं, लेकिन आज सोशल मीडिया का दौर है लोगों के पास पुरानी वीडियो सुरक्षित रहते हैं और जैसे ही कोई मौका आता है वह सारे वीडियो सोशल मीडिया पर दिखने लगते हैं। टिकाऊ की नहीं बस जिताऊ की तर्ज पर गठबंधन बनने लगा। यदि दशकभर पुरानी राजनीति को देखा जाए तो वह दोनों दल जो साथ जुड़े होते थे। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता एक-दूसरे को अपना समझते थे। खेल का अब गुणवत्ताओं से कोई लेना-देना नहीं, जिसको जनता भी भली भांति समझ रही है। बहरहाल, कुछ बेसिक मानक यह कहते हैं कि जिसके साथ आप जब तक जुड़े हो तब तक तो साथ दो अन्यथा इससे क्षति एक तरफ नहीं बल्कि दोनों तरफ होने की संभावना बनी रहती है। लोकसभा चुनाव को लेकर समझें तो दिल्ली में वोट बैंक को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला बना रहता है। प्रथम बीजेपी, दूसरा स्थान आम आदमी पार्टी व तीसरे नंबर पर कांग्रेस रहती है। दोनों विपक्षी दलों ने इस बार घेरने का प्रयास तो भरपूर किया है लेकिन केजरीवाल के जेल जाने से सारे समीकरण बिगड़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**तैयारी**
डॉ. एल. एस. यादव

# हाईवे बनेंगे वायु सेना के रनवे

> हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

चीन व पाकिस्तान की समरतांत्रिक चालों में बदलाव के कारण भारत की सामरिक तैयारी यही है कि युद्ध की स्थिति में वह दोनों मोर्चों पर निपट सके। इसके लिए वायु सेना उन हाईवे को रनवे के रूप आजमा रही है, जो युद्ध की स्थिति में काम आ सकें। देश के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वायु सेना ऐसे कदम उठा रही है। इसी क्रम में वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की साढ़े तीन किलोमीटर लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का रनवे के रूप में इस्तेमाल करते हुए लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों व हेलीकॉप्टर उतारकर नौ ट्रायल परीक्षण किए। ये परीक्षण दो अप्रैल 2024 को अलसुबह 03.45 बजे से लेकर 04.30 बजे के बीच सूरज उगने से पहले सम्पन्न किए गए। इन परीक्षणों के समय हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था।

जम्मू-कश्मीर में इस तरह का यह पहला अभ्यास था। भोर के वक्त सन्नाटे को चिनूक हेलीकॉप्टर, एमआई-17 हेलीकॉप्टर एवं एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर की गर्जनाओं ने भंग कर दिया। इन श्रेणी के पांच हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की आपातकालीन हवाई पट्टी पर उतरे और कुछ समय बाद आसमान में उड़ गए। थोड़ी देर बाद वे पुनः रनवे के ऊपर मंडराने लगे। देखते ही देखते हवा में रहते हुए इनमें सवार सैनिक नीचे उतर आए। इसी बीच एक हेलीकॉप्टर से रस्सियों की मदद से सैनिक साजो-सामान नीचे सड़क पर उतारा गया। इसके बाद बिना देर किए एक अन्य हेलीकॉप्टर ने इस सामान को ऊपर खींच लिया। इस तरह वायु सेना ने आपातकालीन परिस्थितियों या यूं कहिए कि पाक या चीन से लड़ाई के समय शत्रु से निपटने की अपनी सैन्य तैयारियों का आकलन किया। रनवे पर लैंडिंग व अन्य तैयारियों के इन ट्रायल परीक्षणों में करीब ढाई घंटे का समय लगा। विदित हो कि पाकिस्तान और चीन की समरतांत्रिक चालों और यौद्धिक स्थितियों से मुकाबले को ध्यान में रखकर ही अनंतनाग के बिजबेहड़ा हाईवे पर इस हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है। पाकिस्तान या चीन के खिलाफ इस हवाई पट्टी से वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उड़ान भरने में मुश्किल से एक या डेढ़ मिनट का समय लगेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि अत्यन्त कम समय में भारतीय वायु सेना के फाइटर विमान शत्रु के विमानों का मुकाबला करेंगे। उड़ान भरने के बाद मात्र तीन मिनट में ये पाकिस्तानी सीमा पर और पांच मिनट में पूर्वी लद्दाख में चीन सीमा पर पहुंच जाएंगे। इस तरह यह समझा जा सकता है कि हम कितनी जल्दी मुहंतोड़ जवाब देने लायक बन गए हैं। इस अभ्यास के बाद जम्मू-कश्मीर आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा वाला देश का पहला केन्द्र शासित प्रदेश बन गया है। वर्तमान में आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा देश के तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान में उपलब्ध है। इस अभ्यास में अमेरिका निर्मित चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया। चिनूक को हाल ही में वायु सेना में शामिल किया गया है। इस ट्रायल परीक्षण में दो चिनूक



हेलीकॉप्टर, रूस निर्मित एक एमआई-17 और दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग के वानपोह-संगम मार्ग पर उतरे थे। यह राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इस हवाई पट्टी का निर्माण 119 करोड़ रुपये की लागत से वर्श 2020 में शुरू हुआ था। इस हवाई पट्टी का रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकतिक आपदाओं के दौरान बचाव तथा राहत कार्यों के लिए भी किया जा सकेगा।


इस अभ्यास में जिस चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया उसका उपयोग भारी वजन उठाने के लिए किया जाता है। इस हेलीकॉप्टर की उड़ान की अधिकतम गति 130 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके मुख्य केबिन में करीब तीन दर्जन पूर्णतया सुसज्जित सैनिक बैठ सकते हैं। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल चिकित्सकीय कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। इस कार्य के लिए इसमें दो दर्जन के लगभग स्ट्रेचरों को समायोजित किया जा सकता है। जो एमआई-17 हेलीकॉप्टर इस परीक्षण में शामिल था उसमें भी लगभग तीन दर्जन सैनिकों के बैठने की व्यवस्था है। यह हेलीकॉप्टर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। यह दो इंजनों वाला पूर्ण रूप से स्वदेशी हेलीकॉप्टर है। इसका अधिकांश उपयोग घायल सैनिकों को निकालने और उन्हें सुरक्षित जगह पर पहुंचाने के लिए तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में किया जाता है। इसी तरह 8 अप्रैल 2024 को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पहली एयर स्ट्रिप पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने हुंकार भरी। यह अवसर था वायु सेना के तीन दिवसीय अभ्यास के बाद हवाई पट्टी के हैंड ओवर का। इस कारण इस हवाई पट्टी पर वायु सेना ने 6 अप्रैल को ही अपना डेरा डाल दिया था। अभ्यास के तहत आठ अप्रैल को इस हवाई पट्टी पर 9.45 बजे पहला तेजस लड़ाकू विमान टच एंड गो करवाकर उतारा गया। इसके बाद जगुआर लड़ाकू विमान व सी-295 तथा एएन-32 जैसे परिवहन विमान उतारे गए। यह अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह हवाई पट्टी राजस्थान राज्य के बाड़मेर में नेशनल हाईवे-925 ए पर बनी इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड है। विदित हो कि सामरिक रूप अत्यन्त महत्वपूर्ण इस हवाई पट्टी का लोकार्पण 9 सितम्बर 2021 को किया था। इसका उद्घाटन परिवहन विमान सी-130 जे हरक्यूलिस की आपातकालीन लैंडिंग अभ्यास से किया गया। जिस समय ये इमरजेंसी लैंडिंग ड्रिल हुई उस समय सी-130 जे हरक्यूलिस परिवहन विमान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी एवं सीडीएस जनरल विपिन कुमार रावत सवार थे। इस दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस.भदौरिया भी वहां उपस्थित थे। दोनों मंत्रियों के सामने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, सैन्य परिवहन विमान एएन-32 और एमआई-17 वी हेलीकॉप्टर ने आपातकालीन लैंडिंग की थी। उद्घाटन के पश्चात रक्षा मंत्री ने कहा था कि अब देश की सामरिक जरूरतों के हिसाब से यह नया प्रयोग रणनीतिक क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। तब उन्होंने जानकारी दी थी कि देश में ऐसी ही 20 हवाई पट्टियां और बनाई जाएंगी। इन्हीं को अब तेजी से पूरा किया जा रहा है।

हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित
**दर्शन**

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्रा का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।


# सुख-दुख आते-जाते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित खानपान और जीवन शैली लिवर रखेगी दुरुस्त

19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को लिवर को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना भी है। हमारे शरीर के वैसे तो सभी अंगों का तंदुरुस्त होना हमारे लिए वरदान है, लेकिन हमारे शरीर के कुछ अंग ऐसे भी हैं जिनमें अगर हमारे गलत खानपान और जीवनशैली के कारण दिक्कत आती है तो यह हमारी जिंदगी को मुश्किलों में डाल देते हैं। इन्हीं जरूरी अंगों में से एक है, लिवर। लिवर की देखभाल और इसे सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लिवर डे मनाने का फैसला लिया गया था।

**- सुधीर चौधरी**, महासमुंद

## ट्रेंड

### मिलकर काम करते हैं



मैंने संबलपुर की अपार संभावनाओं के बारे में विकसित ओडिशा, विकसित भारत के प्रमुख भागीदार चैटर्ड अकाउंटेंट्स से बात की। विकसित भारत में संबलपुर की भूमिका और प्रधानमंत्री के प्रति जनता के भरोसे पर बात हुई। मोदी की गारंटी में हम सब संबलपुर के विकास के लिए मिलकर काम करते हैं।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### ज्यादा सोच रहा इंसान



यदि आप सफलता चाहते हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह सुनिश्चित करना है कि आप इसमें बाधा नहीं हैं। इंसान अपने बारे में बहुत ज्यादा सोच रहा है। यहां जो कुछ हो रहा है हम उसका एक छोटा सा हिस्सा हैं।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### सावधानी से डालें अपना वोट



हमारे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई आज से शुरू हो रही है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान करने वाले 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के नागरिकों, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि अपना वोट सावधानी से डालें।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय



मुझे सिडचैट 1 और योग में उनके कौशल के बारे में पता नहीं था। विम हॉफ के ऐप ने उनकी सांस लेने और सहनशक्ति तकनीकों को अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय बना दिया है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# फलस्तीन के पूर्ण सदस्यता प्रस्ताव पर अमेरिकी वीटो



फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिका के 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करने की इजराइल ने सराहना की, लेकिन फलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। इसके पारित होने पर 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा यह सिफारिश करती कि फलस्तीन को इस वैश्विक संस्था के सदस्य के रूप में स्वीकार किया जाए। सुरक्षा परिषद के कुल 15 सदस्य देश हैं। प्रस्ताव के समर्थन में 12 वोट पड़े, जबकि स्विटजरलैंड और ब्रिटेन ने मतदान से दूरी बना ली और अमेरिका ने 'वीटो' किया। मसौदा प्रस्ताव को पारित करने के लिए इसके समर्थन में सुरक्षा परिषद के कम से कम नौ सदस्यों के वोट देने की जरूरत थी और यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्य देशों में से किसी को भी अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल नहीं करना था। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं। पूर्ण सदस्य देश का दर्जा प्राप्त करने की फलस्तीन की कोशिश 2011 में शुरू हुई थी।

## ऑफ बीट

# यूएई में प्राचीन मानव रिहाइश का मिला सबूत



यदि आप ऊपर से देखते हैं, तो आप अरब प्रायद्वीप के परिदृश्य में हजारों पत्थर की संरचनाएँ देख सकते हैं। ज़मीन पर, आप प्राचीन झीलों के किनारों पर बिखरे हुए ढेर सारे पत्थर के औजार और प्राचीन चिमनियाँ पा सकते हैं, साथ ही आसपास के पहाड़ों में शिकार और चरवाहे के दृश्यों से भरी रॉक कला भी देख सकते हैं। इन स्थलों के एकदम नजर के सामने होने के बावजूद, पिछले लगभग एक दशक में ही पुरातत्वविदों ने इनमें समर्पित रुचि ली है। कुछ संरचनाएँ अब 10,000 वर्ष पुरानी बताई गई हैं। हालाँकि, शुष्क जलवायु, तपते दिन और ठंडी रातें, और तेज़ हवा के कटाव के कारण कुछ अन्य अवशेष ऐसे नहीं हैं कि इन्हें पुरातत्वविदों के लिए बहुत उपयोगी कहा जाए। आज तक, जीवाश्मों या गहराई से दबे, स्तरित निक्षेपों के बारे में बहुत कम जानकारी मिली है जो किसी स्थान के इतिहास के बारे में एक खिड़की खोल सकें। हाल तक, किसी भी पुरातत्वविद् ने उत्तरी अरब में दर्ज सैकड़ों गुफाओं और लावा ट्यूबों में से किसी का भी सर्वेक्षण नहीं किया था। 2019 में, हमारी टीम ने इन भूमिगत स्थानों को देखना शुरू किया – और पीएलओएस वन में आज प्रकाशित एक नए अध्ययन में, हम अरब प्रायद्वीप में लावा ट्यूब के पहले प्रलेखित कब्जे की जानकारी देने जा रहे हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

www.itmuniversity.org

ITM UNIVERSITY®



#JiyoJeetKar

Winning is a Choice
Make the right one

Join ITM University - #1 University in Chhattisgarh

## Why ITM University?

| 100% | 25 | 950+ | 10,000+ | 18 |
|---|---|---|---|---|
| Job Placement Assistance | Global Collaborations | Corporate Recruiters | Alumni Network | Industry Integrated Programs |

- Opportunity to get placed in Tier-I cities of India.
- Industry experienced professors.
- Bus services from Raipur, Durg, Bhilai & Rajim.
- 25 acres of lush green campus with Hi-Tech labs.
- Separate hostels for Boys & Girls.







## Awards & Ranking

RANKED No. 1 By UniRank, 2024

Green Champion Award By Ministry of Education

RANKED Gold Band Grade Under OBE Rankings 2023

RANKED No. 1 in Chattisgarh and 13TH in India the Band Promising Category by ARIIA

4 Star Rating by Institution Innovation Council, Ministry of Education, Govt of India

## Some of our Top Recruiters

accenture, PlanetSpark, ITC Limited, Godrej, Dainik Bhaskar Group, HYATT, Radisson Hotel, Muthoot Finance, Nilon's, lenskart, IndusInd Bank, P&G, TITAN EYE+, Tech Mahindra

## Admissions Open 2024

**BBA**
- Marketing
- Finance
- Human Resource
- Digital Marketing
- Entrepreneurship

**BBA in Retail Management** in association with MARUTI SUZUKI
- Industry Ready program
- Earn while you learn
- 2 Years On-Job-Training (OJT)
- Employment Guarantee

**MBA iConnect**
Dual Specialization
- Human Resource
- Business Analytics
- Finance
- Marketing

**B.Com (Hons.)**
- Accounting & Finance
- Banking & Insurance
- Law
- Marketing

**M.Com**
- Accounting & Taxation
- Finance
- Human Resource

**B.Tech C.S.E.**
- CTIS: Cloud Technology & Information Security

**B. Tech Lateral Entry**
Eligibility: A valid diploma in any branch of engineering.

**B.Sc (Hons.)**
- Microbiology
- Biotechnology

**M.Sc**
- Microbiology

**BCA**
- CTIS: Cloud Technology & Information Security
- MAIS: Mobile Application & Information Security

**MCA**

**BBA LL.B (Hons.)**

**LLM**

**B.Sc. IHTM**
- (International) Hospitality and Tourism Management

**B.A. (Hons.)**
- Psychology

**Ph.D**
In various disciplines

## Placement Highlights

12 LPA – IDBI BANK
10 LPA – LIDO
8 LPA – APPCINO Proudly part of Xebia
7.2 LPA – jaro education
6.6 LPA – PlanetSpark
International Placement DUBAI – GRAND HYATT

For Free Counselling: 98265 98203
Admission enquiry: 98265 98201 / 02

**Admission Offices**
Raipur : 3rd Floor, Shyam Plaza, Pandri, Raipur, C.G.
Bhilai : Shop No. 172, Chouhan Estate, G.E. Road, Bhilai. C.G.

SCAN THE CODE TO APPLY ONLINE

GRACEFUL

# दुबई में बाढ़ के बाद दूसरी आफत, महंगाई ने रुलाया, होटलों का किराया लाखों में

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण दुबई में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में अधिकतर लोग घर की बजाय होटल में रह रहे हैं। कुछ दिनों से होटल की डिमांड बढ़ाने के कारण होटलों के एक दिन का किराया आसमान छू रहा है। होटलों में एक दिन का किराया 1 हजार दिरहम से 8 हजार दिरहम के बीच वसूला जा रहा है। यानी भारतीय रुपए के लिहाज से एक दिन के लिए होटल का किराया 22 हजार से लगभग दो लाख रुपए हो गया है।

**भारतीयों को दूसरी एडवाइजरी : गैर जरूरी यात्रा न करें**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की बाढ़ में फंसे भारतीयों नागरिकों के लिए भारतीय दूतावास ने नई एडवाइजरी जारी की गई है। दुबई में जबरदस्त बारिश के बाद परिचालन सामान्य होने तक नागरिकों को गैर-जरूरी यात्राएं करने से बचने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारी स्थिति को सामान्य करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। इस बीच हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सलाह दी है कि यात्री उड़ानों की प्रस्थान तिथि और समय के संबंध में संबंधित एयरलाइन से पुष्ट सूचना मिलने के बाद ही हवाई अड्डे से यात्रा कर सकते हैं।



◆ होटलों की मांग बढ़ने से एक दिन का किराया 22 हजार से 2 लाख रुपए तक

◆ होटल का किराया बढ़ने से पर्यटकों का गड़बड़ाया बजट

◆ मंगलवार को भारी वर्षा होने से वहां का जनजीवन हो गया बाधित

◆ यूएई में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया, रहने के लिए लोग परेशान

**पर्यटकों की बड़ी मुश्किलें**

हालांकि, शहर भर में बचाव और सफाई के प्रयास जारी रही है। फिर भी बाढ़ से प्रभावित लोगों को रहने के लिए उन्हें होटल में जाना पड़ रहा है। बाढ़ की वजह से वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। होटल का किराया बढ़ने की वजह से पर्यटकों के बजट पर भी काफी असर पड़ रहा है। आयरलैंड से आए एक पर्यटक ने कहा कि यह एक डरावनी स्थिति है। लेकिन मुझे लगता है कि व्यवसाय के लिए लोगों की मुश्किलों से लाभ कमाने का प्रयास करना अनैतिक है। अन्यथा यह काफी नैतिक शहर है जिसे कुछ व्यवसायियों की वजह से बदनाम होना पड़ रहा है।

### भारत-फिलीपींस के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हुआ था करार

# भारत से फिलीपींस पहुंची 'ब्रह्मोस' की पहली खेप, चीन की बढ़ी टेंशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। भारत इसमें एक्सपोर्ट कर रहा है। वहीं अब भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित है। फिलीपींस ने भारत से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस खरीदने की इच्छा जताई थी। अब भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को भेज दी है।

दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार भी हुआ था। 2 साल पहले यह करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है। इंडियन एयर फोर्स के एक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना किया गया, जहां वहां इसे उसकी नौसेना को सौंपेगा।

*2 साल पहले भारत-फिलीपींस के बीच करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है।*


- भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित
- ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना
- दूसरे देशों को रक्षा साधन एक्सपोर्ट करने में भारत हुआ सक्षम
- रक्षा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम

**जनवरी 2022 में हुई थी डील**

भारत और फिलीपींस के बीच यह डील जनवरी 2022 में हुई थी। इस डील के साथ भारत रक्षा क्षेत्र में एक बड़े निर्यातक के तौर पर उभरा है। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला एक्सपोर्ट ऑर्डर है। भारत ने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 32.5% बढ़ा है।

**फिलीपींस और चीन के बीच तनाव**

*फिलीपींस और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़प हो रही है। उसके कारण ब्रह्मोस की डिलीवरी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।*





**85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है भारत**

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत लगभग 85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है और इसमें लगभग 100 स्थानीय कंपनियां शामिल हैं। मिसाइलें, तोपें, रॉकेट, बख्तरबंद वाहन, सुरक्षा गियर, रडार, निगरानी प्रणाली और गोला-बारूद का निर्यात भारत कर रहा है।*


एक आतंकी ने विस्फोट कर खुद को उड़ाया

# पाकिस्तान में अब निशाने पर आए जापानी, हमले में 2 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में एक बार फिर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाया गया है। कराची के मानसेहरा कॉलोनी में एक वाहन पर आत्मघाती हमला किया गया है। इस वाहन में कुल 7 जापानी लोग सवार थे जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में ड्राइवर और सिक्यूरिटी गार्ड की मौत हो गई है। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दो हमलावरों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद जापानी नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे।

**पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 2 हमलावर ढेर**



**खुद को उड़ाया**

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब पहुंचने के क्रम में विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। बांकी सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं।

**पहले चीनी नागरिकों को बनाया था निशाना**

पाकिस्तान में इससे पहले चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। अप्रैल 2022 में कराची में एक बस पर आतंकी हमला किया हया था। इस हमले में तीन चीनी शिक्षकों समेत एक ड्राइवर की मौत हो गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी। इससे पहले अगस्त 2021 में भी ग्वादर में चीनी नागरिकों को शिकार बनाया गया था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हुई थी।

*अमेरिका को बनाया अपना नया घर*

## प्रिंस हैरी ने आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन को कह दिया 'अलविदा'

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

प्रिंस हैरी ने ब्रिटिश शाही परिवार से अलगाव की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को अपना नया घर घोषित किया है। पेज सिक्स द्वारा प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, ड्यूक ऑफ ससेक्स ने अमेरिका को अपने नए निवास के रूप में सूचीबद्ध किया है। निवास में यह बदलाव 29 जून, 2023 को हुआ। प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने ब्रिटेन स्थित अपने आवास फ्रॉगमोर कॉटेज को छोड़ दिया था।



**सुरक्षा को लेकर थे चिंतित**

*ऐसी अटकलें हैं कि वह लंदन की आगामी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर स्थिति साफ कर सकते हैं। उन्होंने ब्रिटेन को अपना घर स्वीकार किया है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अमेरिका जाने की बात कही है। उन्होंने अमेरिकी नागरिकता लेने में रुचि दिखाई है।*

## मिलते-मिलते गई फिलिस्तीन की यूएन में स्थाई सदस्यता

**वॉशिंगटन।** फिलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करके खेल बिगाड़ दिया है। इससे फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थाई सदस्य बनने से वंचित रह गया। वीटो पॉवर करने की इजराइल ने सराहना की। वहीं फिलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। बता दें कि सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सारंगढ़, जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)
राजस्व प्रकरण क्रमांक//अ 2/2023-24
ग्राम-खरवानी, प.ह.नं. 27, तहसील बरमकेला
- : ईश्तहार :-

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप कुमार अग्रवाल पिता श्री सत्यनारायण अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बरमकेला तहसील बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम-खरवानी, प.ह.नं.- 27, रा.नि.मं.- बरमकेला तहसील बरमकेला में स्थित खसरा नं 233/1 रकबा 0.035 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो दिनांक-22/04/2024 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
सारंगढ़

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

### राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में केन्या के रक्षा प्रमुख सहित 9 की मौत

**नैरोबी।** केन्या के रक्षा प्रमुख फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला की गुरुवार को हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। उनके साथ हेलीकॉप्टर पर सवार 9 और लोगों की भी जान चली गई। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने कहा कि केन्या के रक्षा प्रमुख और 9 अन्य शीर्ष अधिकारियों की गुरुवार को देश के एक दूरदराज के इलाके में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इसके लिए एक जांच टीम गठित की गई है और उन्हें एल्गेयो माराकवेट काउंटी में दुर्घटना स्थल पर भेजा गया है। उन्होंने देश में 3 दिन राष्ट्रीय शोक मनाने के आदेश दिए हैं।




**ओगोला प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे:** बता दें कि 61 वर्षीय ओगोला एक प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे। वह केवल एक वर्ष के लिए इस पद पर थे, लेकिन जल्द ही उनके सैन्य सेवा के 40 वर्ष पूरे होने वाले थे।

## यूक्रेन का दावा- रूस का बॉम्बर मार गिराया



*कीव। यूक्रेन ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने रूस के स्ट्रेटेजिक बॉम्बर को मार गिराया, लेकिन मॉस्को ने इससे इनकार किया है। मॉस्को के अधिकारियों का कहना है कि टीयू-22एम3 स्ट्रेटेजिक बॉम्बर विमान एक मिशन के बाद आई खराबी की वजह से कम आबादी वाले इलाके में क्रैश हो गया। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध छिड़ा हुआ है।*

### शब्द पहेली - 5487



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5486 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| ब | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| ब | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | य | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |

### सूडोकु नवताल - 5498

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5497 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

एक नाम के चलेंगी दो ट्रेनें, वेटिंग लिस्ट के यात्रियों को मिलेगी जगह

# स्पेशल के बाद अब क्लोन ट्रेन चलाने की तैयारी, रद्द नहीं होगी ई टिकट

## रेलवे बोर्ड के निर्देश पर जोन ने तैयार किए भारी भीड़ वाली ट्रेनों के आंकड़े

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और लंबी होती प्रतीक्षा सूची को न्यूनतम स्तर पर लाने रेलवे क्लोन एक्सप्रेस ट्रेनों को नियमित तौर पर अपनी समय सारिणी में जगह देने की तैयारी कर रहा है। विभिन्न यात्री समितियों की सिफारिश के बाद रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सभी जोन ने अपनी भारी भीड़ वाली विशेष ट्रेनों के आंकड़े तैयार कर लिए हैं। रायपुर में छपरा, पटना व दिल्ली व उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को क्लोन ट्रेन बनाकर चलाया जा सकता है। क्लोन ट्रेन चलाने का प्रस्ताव कई बार पूर्व में बोर्ड को भेजा जा चुका है। कुछ साल पहले ट्रायल के रूप में इन एक्सप्रेस की क्लोन ट्रेन का प्रयोग सफल भी रहा है। क्लोन ट्रेन संबंधित ट्रेन की जुड़वा होती है, जिनका गाड़ी नंबर और दूरी सबकुछ एक समान होते हैं। इसमें प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को सीट दी जाती है। वर्तमान में जोन ने 6 से अधिक राज्यों के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। यात्रियों की मांग पर अब क्लोन ट्रेन चलाई जाएगी।



वओरिजनल ट्रेन का चार्ट बनने के तत्काल बाद प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को क्लोन ट्रेन में उनकी सीट का नंबर आदि अलॉट कर संबंधित मोबाइल नंबर के जरिये भेजा जाता है। हालांकि इनकी बनावट में परिवर्तन रहेगा। स्लीपर व एसी प्रथम, द्वितीय कोच नहीं रखे जाएंगे। ये क्लोन ट्रेनें सामान्य तौर पर थ्री एसी कोच से बनेंगी। जिन रेलमंडलों के पास अतिरिक्त कोच हैं, सबसे पहले वहां की सर्वाधिक मांग वाली यात्री ट्रेन के क्लोन की व्यवस्था होगी। इससे ई-टिकटिंग वाले वे टिकट, जो कंफर्म नहीं होने पर स्वतः ही कैंसिल हो जाते हैं, इस समस्या से यात्रियों को राहत मिल जाएगी। यात्रियों को यात्रा के लिए सीट मिल जाएगी, रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा।

### सर्वाधिक कमाई सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भारी कमाई वाली ट्रेन है। सर्वाधिक अतिरिक्त कोच इसी ट्रेन में लगते हैं। जानकारी के मुताबिक 2023 में लगभग 10 लाख से भी अधिक लोगों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को लगभग 60 करोड़ कमाई हुई है। हालांकि लंबी प्रतीक्षा सूची और टिकट कंफर्म न होने पर स्वतः कैंसिल होने की संख्या भी सबसे ज्यादा है।

### ...तो चलाएंगे क्लोन ट्रेन

क्लोन ट्रेन आवश्यकता पड़ने पर चलाई जा सकती है। वर्तमान में विभिन्न रूट के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है, जिससे यात्रियों को लाभ होगा। अधिक भीड़ होने की स्थिति में इस पर विचार किया जाएगा।

**- विकास कश्यप**, सीपीआरओ, दपूमरे

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति की चार धाम की यात्रा 7 से, 60 फीसदी सीटें बुक



बिलासपुर। गर्मी की छुट्टियों में उत्तराखंड में अवस्थित पावन चार धाम की यात्रा का दर्शन लाभ की ख्वाहिश रखने वाले श्रद्धालुओं के मन में ट्रेनों में टिकट नहीं मिलने की टीस रह जाती है। लेकिन ऐसे आस्थावान भक्तों को कंफर्म टिकट एवं सर्व सुविधाओं के साथ चार धाम की यात्रा कराकर उनका जीवन धन्य बना रही है देश की प्रसिद्ध तीर्थाटन सेवा समिति श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति। यह समिति 7 मई से 28 जून तक 14 पालियों में चारधाम की पावन यात्रा कराने जा रही है। श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति की सेवाओं के कारवां में एक और सफल अध्याय जुड़ जाएगा। समिति के चार धाम की यात्रा में अभी से श्रद्धालुओं में उत्साह दिखने लगा है, भागमभाग से बचने 60 फीसदी से अधिक सीटें बुक करा ली गई हैं।

लगातार 18 वर्षों से चार धाम की शानदार सफल यात्रा कराते आ रही देश की तीर्थाटन सेवा समिति श्री त्रिपुर यात्रा तीर्थ सेवा समिति की आस्थावान भक्तों की स्थली छत्तीसगढ़ के वयोवृद्ध श्रद्धालुओं को कम राशि में सर्वसुविधा युक्त तीर्थ यात्रा कराने की रही है। भक्तों के जत्थों के सपनों को श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति 7 मई से 28 जून तक 14 पालियों में चार धाम की पावन यात्रा कराएगी। इसके लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी तक 60 फीसदी से अधिक सीटें बुक हो चुकी है। जो भी श्रद्धालु अपनी तीर्थ यात्रा करने की इच्छा रखते हैं वे से अपनी बुकिंग ऑनलाइन करवा लें। ट्रेन की टिकटें लगभग 60 प्रतिशत से अधिक बुकिंग हो चुकी है। अधिक जानकारी के लिए समिति से संपर्क कर सकते हैं।

**बिजनेस प्लस**

### होटल में प्रशिक्षित कुक की मिलेंगी सेवाएं

श्रद्धालुओं को सेवाओं के लिए श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति का स्वयं का सर्वसुविधायुक्त होटल सेवा देने तत्पर है। पूरी यात्रा के दौरान समिति के प्रशिक्षित कुक की टीम श्रद्धालुओं को स्वाद एवं सेहत अनुरूप नाश्ता एवं भोजन परोसेगी। चार धाम की पावन यात्रा में भारत के 7 राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, उड़ीसा सहित दिल्ली के श्रद्धालु शामिल होकर अपना जीवन धन्य बनाएंगे। जत्थे को हरिद्वार तक रिजर्वेशन कोच के माध्यम से व शेष यात्रा स्पेशल बस से कराई जाएगी।

### चारों धाम के 10 से 13 मई के बीच खुलेंगे कपाट

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति का कारवां हरिद्वार में पतित पावनी गंगा स्नान, पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी। समिति यमुनोत्री -गंगोत्री का दर्शन कराकर विशेष वाहन से श्रद्धालुओं को बाबा केदारनाथ धाम एवं बद्रीनाथ धाम का दीदार कराएगी। उत्तराखंड टूरिज्म द्वारा यमुनोत्री गंगोत्री के कपाट 10 मई को खोला जाएगा। मोक्ष स्थली बाबा केदारनाथ धाम एवं श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन निमित्त 11 से 13 मई के बीच खुलेंगे। गंगोत्री के बाद यात्रा का अगला कारवां केदारनाथ की ओर आगे बढ़ेगा। श्रद्धालुओं के जत्थे को घोड़े खच्चर पालकी पिठ्ठू से केदारनाथ बाबा के दर्शन निमित रवाना किया जाएगा। समिति के स्पेशल वाहन से फाटा सिरसी हैलीपैड से बाबा केदारनाथ के दर्शन निमित रवाना होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक हिमालय की गोद में बसे बाबा केदारनाथ का दर्शन एवं सुरम्य वादियों का दीदार कर श्रद्धालुओं का जत्था लग्जरी टूरिस्ट बस से बद्रीनाथ धाम के लिए कूच करेगा। अलकनंदा नदी के किनारे बसा भगवान विष्णु को समर्पित बद्रीनाथ मंदिर को आदिकाल से स्थापित और सतयुग का पावन धाम माना जाता है। श्रद्धालुओं की सेवाओं के लिए श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति की प्रशिक्षित टीम पूरी यात्रा के दौरान साथ में मौजूद रहेगी।

# चौधरी बोले-विकास के लिए बस्तर में भाजपा के पक्ष में मतदान

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बस्तर लोकसभा की जनता-जनार्दन ने बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उनका कहना है, प्रदेश की सभी 11 की 11 सीटों पर भाजपा को जीत मिलेगी। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने भी प्रदेश में सभी सीटें जीतने का दावा किया है।

**कांग्रेस का भी दावा- बस्तर सहित जीतेंगे सभी सीटें**

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, आज अगर बस्तर में नक्सलवाद का दंश न होता तो बस्तर विकास की एक नई गाथा लिख चुका होता। बस्तर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा करना जरूरी मानकर बस्तर की जनता ने अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने की शुरुआत प्रथम चरण के मतदान के साथ बस्तर से कर दी है। श्री चौधरी ने कहा, बस्तर में भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बस्तर विकास के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। बस्तर की जनता अब नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्ति चाहती है। श्री चौधरी ने कहा, बस्तर के विकास की सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद को खत्म करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार संकल्पित है। सरकार बनने के बाद अभी तक विभिन्न मुठभेड़ों में लगभग 84 नक्सली मारे गए हैं। सरकार ने आदिवासी क्षेत्र में नियद नेल्लानार नाम की योजना चालू की है, जिसका अर्थ है मेरा अच्छा गांव। इसके तहत आदिवासी क्षेत्र में शहर के समान सारी सुविधाएं विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं, जिसे हम विकास के कैंप कहते हैं। इन कैंपों के माध्यम से उनके आसपास 5 किलोमीटर के क्षेत्र में राशन दुकान, स्वास्थ्य सुविधाएं, पानी, बिजली आदि सुविधाएं विकसित करना प्रारंभ हो गया है। पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस ने दावा किया कि बस्तर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज कराएगी। बस्तर की जनता ने साफ संकेत दिया है कि देश में बदलाव की हवा चल रही है।

# नाबालिग से बलात्कार, अपराध साबित करने डीएनए व एफएसएल टेस्ट महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हुआ

बिलासपुर। नाबालिग से किए गए अपराध में डीएनए व एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टेस्ट महत्वपूर्ण सबूत साबित हुआ है। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी की संलिप्तता सिद्ध होने पर उसके आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। पूरे मामले में पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से जांच की थी, जबकि आरोपी ने खुद ही रिपोर्ट लिखाते हुए पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की।



पूरे मामले में याचिका को देखें तो 14 वर्ष की बच्ची गर्भवती हो गई थी। पीड़िता का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। मामले में स्वयं को बचाने आरोपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का रिपोर्ट लिखाई थी। नाबालिग अविवाहित लड़की के गर्भवती होने की सूचना पुलिस व बाल कल्याण समिति को दी गई। पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से मामले की जांच की। डीएनए टेस्ट व रक्त नमूना लेकर एफएसएल जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर निचली अदालत ने आरोपी की अपराध में संलिप्तता सिद्ध होना पाया। न्यायालय ने डीएनए व एफएसएल रिपोर्ट को महत्वपूर्ण साक्ष्य माना और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी ने आरोपी की अपील को खारिज कर दिया है।

# सहेली ज्वेलर्स का अक्षय तृतीया ट्रिपल फॉर्च्यून ऑफर

रायपुर। जाने-माने ज्वेलरी शोरूमों में से एक सहेली ज्वेलर्स ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर ट्रिपल फॉर्च्यून ऑफर कि पेशकश की है। जहां शादी-ब्याह समेत अन्य अवसरों के लिए मार्केट रेट से 2,300 रुपए सस्ता सोना मिल रहा है। यानी अक्षय तृतीया ट्रिपल फॉर्च्यून ऑफर में सोने का भाव 68,200 रुपए के जगह 65,900 रुपए प्रति 10 ग्राम मिलेगा। साथ ही हीरे एवं पोलकी के मेकिंग चार्जेस पर 50% की छूट भी दी जा रही है।

प्री-बुकिंग ऑफर के तहत आज के भाव पर सोने को बुक भी कर सकते हैं। भाव बुक करने पर भाव बढ़ने पर भी बुकिंग दाम में और कम होने पर कम दाम में सोना खरीदने का सुनहरा मौका मिल रहा है। ये ऑफर अक्षय तृतीया 10 मई तक मान्य है।



### वैवाहिक कलेक्शन की उत्कृष्ट रेंज

शादियों के सीजन को देखते हुए सहेली ज्वेलर्स में वैवाहिक कलेक्शन के उत्कृष्ट व आकर्षक रेंज उपलब्ध कराए गए है। जिसमें रिंग्स, इयरिंग्स, बैंगल्स, नेकलेस व पायल इत्यादि का जबरदस्त कलेक्शन रखा गया है। साथ ही सहेली ज्वेलर्स हॉलमार्क गारंटी के साथ सोने की शुद्धता का वादा भी करता है। श्री शिवम मॉल दुर्ग और सदरबाजार रायपुर स्थित सहेली ज्वेलर्स में सोने के अलावा पोलकी, कुंदन, चांदी एवं विभिन्न रत्न जड़ित आभूषणों की 10,000 प्लस डिजाइनों के विशेष कलेक्शन उपलब्ध हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छग में दो ब्लास्ट, एक...

यह आंकड़ा केवल अनुमान आधारित है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मतदान के पहले कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी शिकायतें दर्ज करायी हैं। चुनाव आयोग ने माना कि प्रथम चरण का मतदान शांतिपूर्ण एवं निर्बाध तरीके से हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार साईं ने बताया कि कुछ राज्यों के कुछ मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में तकनीकी खराबी आने के कारण मतदान में देरी हुई, जिन्हें बाद में बदल दिया गया।

शोंपेन जनजाति के 7 सदस्यों ने किया पहली बार मतदान

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए पहली बार शोंपेन जनजाति के सात सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

नदी का पानी बढ़ा, ईवीएम मशीनें डूबीं

लखीमपुर क्षेत्र में एक वाहन को लेकर जा रही नौका अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बह गई, जिसके चलते उस वाहन में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पानी में आंशिक रूप से डूब गई। एक अधिकारी ने बताया कि वाहन का चालक और उसमें सवार चुनाव अधिकारी वाहन में पानी घुसने से पहले ही उसमें से निकल गए।

कुकी समुदाय ने किया चुनाव बहिष्कार

आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट और बाहरी मणिपुर के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। इंफाल घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई और कुकी समुदाय के बीच पिछले एक साल से मणिपुर में जातीय हिंसा चल रही है। कुकी समुदाय के लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। उन्होंने नारा लगाया कि न्याय नहीं तो वोट भी नहीं।

इन राज्यों की इतनी सीटों पर हुआ मतदान

पहले चरण में जिन राज्यों की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ उनमें तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) शामिल हैं। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर तथा छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान हुआपहले चरण में अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा की 60 और सिक्किम की 32 सीट के लिए भी एक साथ मतदान हुआ। मतगणना चार जून को होगी।

ऐसी रहीं निर्वाचन आयोग की व्यवस्थाएं

निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के मतदान के लिए 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया गया। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने वाले थे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं रहीं और 11,371 लोग तृतीय श्रेणी के हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

### नक्सल इलाके में जमकर...

मतदान केंद्र में पुरुष 241 व महिला 189 कुल 430 मतदाता का प्रतिशत 83.65 रहा। पालम मतदान केंद्र में पुरुष 228 व महिला 209 कुल 437 मतदाता का प्रतिशत 83.71 रहा। इस दौरान ग्रामीणों में मतदान के प्रति भारी उत्साह दिखा। चिलचिलाती धूप में भी ग्रामीणों ने मतदान किया। गौरतलब है कि चित्रकोट विधानसभा का यह इलाका अतिसंवेनशील नक्सल प्रभावित है। जहां पूर्व के चुनाव में नक्सली सक्रियता के चलते हेलीकॉप्टर से मतदान दल भेजा जाता था। इस चुनाव में बस से मतदान दल रवाना हुआ था। भारी संख्या में इन 4 मतदान केंद्रों में मतदान होने से नक्सल क्षेत्र में लोगों में डर भय कम हुआ है।

42 डिग्री की गर्मी में भी नहीं रुके कदम

42 डिग्री तापमान के भीषण गर्मी में भी मतदाताओं के कदम नहीं रुके। दिव्यांग और सिनियर सिटीजन भी वोट डालने मतदान केंद्रों में पहुंचे। धरमपुरा के बूथ क्रमांक 4 एलआईसी कार्यालय के आगे मतदान केंद्र में चिलचिलाती धूप में सैकड़ों मतदाता कतार में प्रतीक्षारत दिखे। यहां सुस्त गति से काम चल रहा था। जानकारी मिलने पर भाजपा नेता सुरेश गुप्ता मतदान केंद्र पहुंचे और कलेक्टर को जानकारी दी। कलेक्टर ने तत्काल मतदान केंद्र में अतिरिक्त टेंट की व्यवस्था करवाई, जिससे लाइन में खड़े मतदाताओं को राहत मिली।

आधे घंटे थमा रहा मतदान

कृषि उपज मंडी के मतदान केंद्र क्रमांक 138 में सुबह 5 बजे से ही मतदाताओं की लाइन लग गई थी। 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन ईवीएम में कुछ गड़बड़ी होने से मतदान शुरू नहीं हो पाया। सूचना पर तत्काल सेक्टर अधिकारी पहुंचे और आधे घंटे बाद 7.30 बजे मतदान शुरू हुआ।

बेवा दिव्यांग मां को लेकर पहुंचा पुत्र

मतदान केंद्र क्रमांक 138 में सुबह करीब 8 बजे कुम्हारपारा एफसीआई गोदाम के पास रहने वाले युवक अपनी दिव्यांग बेवा मां को लेकर कार से पहुंचा। मतदान केंद्र में व्हीलचेयर होने से कार से महिला को उतार कर मतदान केंद्र के भीतर ले जाकर मतदान कराया गया। बताया गया कि व्यवसायी संतोष दास का हाल ही में निधन हुआ है, लेकिन उनकी पत्नी वृद्धावस्था और दिव्यांग होने के बावजूद मतदान केंद्र पहुंची। उसके जज्बे को लोगों ने देखा और सराहना की।

### एरिया डोमिनेशन पर निकली...

हो गए। अतिसंवेदनशील ग्राम चिहका में एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के सहायक सेनानी मनु एचसी घायल हो गए। उनके बायें हाथ और बायें पैर में चोट आई है। शहीद सीआरपीएफ जवान देवेन्द्र सेठिया जगदलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के धोबीगुड़ा के रहने वाले थे। आज ही उनके छोटे भाई का जन्मदिन था, जिसे उन्होंने सुबह मैसेज किया था, लेकिन दोपहर के बाद अचानक से घर में जवान के शहीद होने की सूचना मिली। जिसके बाद परिवार व गांव में मातम पसर गया। शहीद जवान के चाचा हीरा सेठिया ने बताया कि उनके भतीजे के पैर, कमर व हाथ में चोट होने की खबर मिली थी। जिसके तत्काल बाद सभी डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंच गए थे। लेकिन जब तक उनको मेडिकल कॉलेज में उपचार शुरू किया जाता, तब तक उनकी चॉपर में ही मौत हो गई थी। देवेन्द्र सेठिया 2013 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था। उसके बाद कई वर्ष तक असम में उनकी तैनाती थी।

### मारे गए नक्सलियों में से ...

शव के चेहरे को दिखाते है और पहचान होते ही परिजनों की आंखें नम हो जाती हैं। कलपर मुठभेड़ में डीवीसी शंकर के साथ-साथ उसकी पत्नी रजिता की भी मौत हुई है। डीवीसी शंकर की मां व उनके परिजन डीवीसी शंकर के साथ-साथ रजिता के शव को भी ले गए। रजिता तेलंगाना जिले के बैजूर गांव की निवासी है। आरकेबी डिविजन के मदनवाड़ा कोड़ेकुर्सी एलओएस के कमांडर लोकेश सलामे की पत्नी जिला मोहला मानपुर के ग्राम आमाकोड़ो निवासी रीता सलामे और इसी एलओएस के सदस्य विनोद गावड़े निवासी ग्राम आमाकोड़ो जिला मोहला मानपुर के शव को परिजन ले गए।

### इनकी लाश ले गए...

रेकावाई निवासी सुनिला, जिला नारायणपुर के ओरछा क्षेत्र के ग्राम कुमड़गुंडा निवासी शंतिला, कांकेर जिले के वट्टेढकाल निवासी पिन्टो गटूम, कांकेर जिला के छोटेबेठिया थाना के छिंदपुर निवासी सुकलाल पद्दा, कांकेर जिला के कलपर निवासी जैनी के शव को उसके परिजन ले जा चुके है।

### नामांकन में भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत

नहीं होगा। सीएम श्री साय शुक्रवार को कलाकेंद्र मैदान से चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम सरगुजा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रथ पर सवार होकर शहर का भ्रमण करते हुए जनता का अभिवादन किया। सीएम की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी श्री चिंतामणी ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिसके बाद कला केंद्र मैदान में चुनावी सभा आयोजित की गई। इस दौरान सीएम श्री साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एक लाख रुपए का फार्म महिलाओं के नाम पर भरवा रही है लेकिन क्या आपको विश्वास है वो एक लाख रुपए देंगे। हम तो महतारी वंदन योजना के तहत दो बार एक एक हजार रुपए खातों में भेज चुके हैं। छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री को कहा है कि माता बहनों के खाते में महीने के पहले सप्ताह में राशि जमा हो जानी चाहिए। कांग्रेस भ्रम फैला रही है कि चुनाव तक महतारी वंदन योजना है और चुनाव के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा लेकिन जब तक छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है तब तक राशि मिलती रहेगी। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महराज ने कहा कि निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं में जोश व जुनून है व कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाने के लिए आतुर है। इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, रामकुमर टोप्पो, भूलन सिंह मरावी, शकुंतला सिंह पोर्ते, श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, विधायक अमर अग्रवाल, अनुराग सिंहदेव, पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, रामप्रताप सिंह, राजा पांडेय, रामसेवक पैकरा, कमलभान सिंह, अखिलेश सोनी, ज्योतिनंद दुबे, लखनलाल साहू, श्रीमती चम्पादेवी पावले, जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, बाबूलाल अग्रवाल, ओमप्रकाश जासीवाल, विजयनाथ सिंह सहित हजारों संख्या में संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

### रायपुर में कांग्रेस प्रत्याशी ...

में प्रदेश कांग्रेस के कई नेता शामिल हुए। सभा में कांग्रेस के नेताओं के साथ श्री उपाध्याय ने भी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सभा के बाद रैली निकाली गई। रैली में श्री उपाध्याय एक ट्रैक्टर में कांग्रेस के नेताओं के साथ सवार होकर निकले। शहर का भ्रमण करते हुए रैली कलेक्टोरेट पहुंची, जहां पर नामांकन दाखिल किया गया।

### निर्धारित हेलीपैड में नहीं ...

हेलीकॉप्टर कवर्धा पहुंचने के बाद न्यू पुलिस लाइन के हेलीपैड में लैंड न होकर पीजी कॉलेज के हेलीपैड में लैंड हो गया।

बताया जा रहा है कि जब डिप्टी सीएम श्री शर्मा का हेलीकॉप्टर पीजी कॉलेज के हेलीपैड में लैंड हुआ, तो उस समय वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे और न ही उन्हें ले जाने के लिए कोई वाहन उपलब्ध था। जिसके चलते डिप्टी सीएम को असुरक्षित तरीके से एक मोटर साइकिल में बैठकर सांसद संतोष पाण्डेय के घर तक जाना पड़ा।

गलत जगह लैंडिंग जांच का विषय : कलेक्टर

हालांकि इस घटना को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुरक्षा में चूक से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि यह गलती से हो गया। वहीं कलेक्टर ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को न्यू पुलिस लाइन के हेलीपैड में उतरने की अनुमति मिली थी, पीजी कॉलेज हेलीपैड में हेलीकॉप्टर कैसे लैंड हुआ, यह जांच का विषय है।

### गलतफहमी के कारण ...

कवर्धा उनका गृह नगर है और यहां वे किसी प्रकार की कोई असुरक्षा महसूस नहीं करते। उन्होने मोटर सायकल में आने की बात पर कहा कि वे भी एक आम आदमी है और हेलीपैड सांसद संतोष पाण्डेय के घर तक मोटर साइकिल में आने में उन्हें काफी अच्छा लगा।

### राजनीतिक तौर पर बनाया ...

वाला है क्योंकि अमन सिंह जैसा हर कोई सार्वजनिक सेवा में ईमानदारी की व्यक्तिगत लागत का सामना नहीं कर सकता है। यह दावा करने के बावजूद कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे, अमन सिंह ने बाद की जांच में पूरा सहयोग किया, जिससे अंततः उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का कोई मामला नहीं बना।

### भाजपा ने झोंकी ताकत...

पहले चरण में बस्तर की सीट पर शुक्रवार को मतदान हो गया है। अब दूसरे चरण के लिए तीन सीटों राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके बाद तीसरे चरण में 7 मई को सात सीटों पर मतदान होगा। ऐसे में अब भाजपा ने अपनी पूरी ताकत दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव में लगा दी है। भाजपा ने लगातार राष्ट्रीय नेताओं की ताबड़तोड़ सभाएं तय की हैं।

कल योगी और प्रियंका की सभाएं

राजनांदगांव की सीट हाईप्रोफाइल हो गई है, क्योंकि यहां से भाजपा के संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां पर ताकत झोंक दी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की खैरागढ़ में सभा हो चुकी है। अब 21 अप्रैल को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा तय की गई है। यह सभा राजनांदगांव लोकसभा के खुज्जी में 12.15 बजे होगी। इसके बाद कोरबा में 2 बजे और 4 बजे बेलतरा में सभा होगी। इसी दिन डोंगरगांव में प्रियंका गांधी की भी सभा होगी। उनकी एक सभा बालोद में भी होगी।

### मुख्यमंत्री और मंत्रियों ...

बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा कांकेर जाकर वहां पर दोपहर 1 बजे सभा लेंगे। सभा के बाद वापस रायपुर आकर यहां से विशेष विमान द्वारा महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे।

### सरधा डेम में पलटी ...

दर्शन करने के लिए निकले। वहां पहुंचने के बाद नाव में घूमने के दौरान बीच नदी में नाव पलट गई और उसमें सवार 70 लोग महानदी में समा गए। अफरा तफरी के माहौल के बीच समाचार लिखे जाने तक 4 शव बरामद किए जा चुके हैं, वहीं एक दर्जन लोग अभी भी लापता हैं। शेष लोगों को बचा लिया गया है। सूचना मिलने के बाद रायगढ़ पुलिस भी गोताखोरों की टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर ओडिशा पुलिस के साथ मिल कर रेस्क्यू आपरेशन में जुट गई है।

मछली पकड़ने वाली नाव पर थे सवार

समाचार लिखे जाने तक इस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत होने की बात सामने आ रही है। झारसुगुड़ा पुलिस के अनुसार यहां सरधा महानदी डेम के तट पर स्थित पत्थरसेनी देवी मंदिर में डूबे नाव से करीब 40 लोगों को नदी से निकाल लिया गया है। हालांकि अब तक कई लोगों के लापता होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक वे लोग जिस नाव से मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे, वह मछली पकड़ने वाली सामान्य नाव थी। जिसमें लाइफ जैकेट सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरण का अभाव था। वहीं एक नाव में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाया गया था।

7-8 लोग लापता

नाव में करीब 70 लोग सवार थे। बीच नदी में नाव पलटने के बाद कुछ लोगों ने तैरकर व किसी तरह अपनी जान बचाई पर अभी एक की डेड बाडी मिली है। करीब 7-8 लोग लापता हैं।

मिनकेतन प्रधान, पूर्व सरपंच, कोतरलिया

### कलेक्टर-एसपी ने 50 लोगों ...

कलेक्टर श्री कार्तिकिया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने ग्रामीणों से बात चीत की और स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीम भी आपके साथ जा रही है। तहसीलदार खरसिया को ग्रामीणों के साथ भेजा गया है। बस से रवाना किए ग्रामीणों में 43 अंजोरीपाली और 7 कोतरलिया के हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

979 चौके

575 छक्के

# कप्तान हार्दिक को इग्नोर कर आकाश ने मानी रोहित की बात, मैच का वीडियो वायरल

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर

आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स मैच के दौरान का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें मुंबई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल कप्तान हार्दिक पांड्या को अनदेखा कर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बात मानते दिखे।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में रोहित को एमआई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल के साथ गहन चर्चा करते हुए देखा जा सकता है। वहां, कप्तान हार्दिक पांड्या भी मौजूद थे। फील्डिंग सेटिंग को लेकर हुई चर्चा में हार्दिक ने भी सुझाव दिए, लेकिन आकाश ने पंड्या की तरफ देखा भी नहीं। फैंस ने कमेंट किया कि आकाश हार्दिक की बात नहीं मानकर रोहित की बात मान रहे हैं। वहीं, कमेंटेटर भी इसी पर बात करते दिखे।





### आकाश ने झटका विकेट

आखिरी ओवर में पंजाब को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। आकाश ने ओवर की शुरुआत वाइड गेंद से की। इसके बाद रोहित और पंड्या ने आकाश को समझाइश दी। रोहित के क्षेत्ररक्षण सुझाव पर आकाश की पहली गेंद पर दो रन लेने के चक्कर में कगिसो रबाडा रन आउट हो गए और पंजाब की टीम मैच हार गई।

### मुंबई ने पंजाब को हराया

मुंबई ने पंजाब को नौ रन से हरा दिया। ऐसा लग रहा था कि 193 रन का लक्ष्य पंजाब के लिए काफी होगा, लेकिन बल्लेबाज शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की शानदार बल्लेबाजी ने एक वक्त एमआई को खतरे में डाल दिया था। 14 रन पर चार विकेट, 77 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद शशांक ने 25 गेंद में 41 रन और आशुतोष शर्मा ने 61 रन की पारी खेली।

### टीम में नए खिलाड़ियों के कारण धीमी शुरुवात

*पंजब के खिलाफ मुकाबले से पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने टीम की धीमी शुरुवात को लेकर चुप्पी तोड़ी है। गुजरात टाइटंस को उसके पहले ही सीजन में खिताब दिलाने वाले हार्दिक मुंबई इंडियंस को शुरुआती मैचों में जीत नहीं दिला पाए। रोहित ने कहा, इन सभी वर्षों में वास्तव में, यह मुंबई इंडियंस की कहानी रही है जहां हमने काफी धीमी शुरुआत की और फिर चीजें बदलनी शुरू हो गईं। मुझे लगता है कि यह तब होता है जब आपके पास टीम में नए खिलाड़ी होते हैं, यह सिर्फ इसलिए होता है क्योंकि कप्तान के लिए पिछले दस साल स्थिर थे, कुछ वर्षों में कोच बदल गए, लेकिन कप्तान स्थिर रहे।*

## खबर संक्षेप



### पाक और न्यूजीलैंड टी20 बारिश में धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ।

### धाविका शालू को डोपिंग ओराप से क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।



### पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना



**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया।

### जल्द नए कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। पीसीबी अधिकारी ने कहा कि उनकी रूचि गिलेस्पी और कर्स्टन में है लेकिन नए आवेदक भी दौड़ में हैं।

## आईपीएल : अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे

# पंत की भावुक घर वापसी, दिल्ली के सामने हैदराबाद की कठिन चुनौती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिए यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आए थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है।

दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा।





### गेंदबाजों की मिलेगी हिटर से कड़ी चुनौती

सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 29वें मैच में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिए हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्रइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिए कड़ी चुनौती होगा। वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ये तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं।



### स्पिनर कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स के ट्रंपकार्ड

कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है। स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिये अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रिस्टन स्टब्स हैं। पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं। वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिए चिंता का विषय है हालांकि पहले दो मैचों में जैक फ्रेसर मैकगुर्क ने प्रभावित किया है।

### सनराइजर्स के गेंदबाज विकेट लेने में फेल

सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है। सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकॉनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी20 क्रिकेट में अच्छा माना जाएगा। जयदेव उनादकट और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। वहीं स्पिनर मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद भी प्रभावित नहीं कर सके।

# लखनऊ ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा, राहुल ने बनाए 82 रन

### सीएसके ने पेश की थी 177 रनों की चुनौती



**लखनऊ।** आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से एकतरफा अंदाज में हरा दिया। सीएसके ने पहले खेलते हुए रवींद्र जडेजा की 57 रन की अर्धशतकीय पारी और अंत में एमएस धोनी की 28 रन की कैमियो पारी की बदौलत 176 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी की टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाकर रखा। लखनऊ के दोनों सलामी बल्लेबाज, केएल राहुल और क्विंटन डी कॉक ने फिफ्टी लगाई। डीकॉक ने 43 गेंद में 54 रन बनाए। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच राहुल ने 53 गेंद में 82 रन बनाकर टीम की 8 विकेट से जीत में अहम योगदान दिया।

15वें ओवर की आखिरी गेंद पर डी कॉक आउट हो गए थे और इस समय टीम का स्कोर 134 रन था। लखनऊ सुपर जायंट्स को आखिरी 30 गेंद में अब भी 43 रनों की जरूरत थी। एक तरफ राहुल क्रीज पर डटे हुए थे, वहीं दूसरे छोर से निकोलस पूरन ने आते ही सीएसके के गेंदबाजों की धुनाई करनी शुरू कर दी थी। अगले 2 ओवरों में LSG के बल्लेबाजों ने 27 रन बटोर लिए थे, जिससे मैच का परिणाम अब औपचारिकता मात्र रह गया था। लखनऊ को 18 गेंद में 16 रन चाहिए थे। अंतिम ओवरों में गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आ रही थी, इसलिए बल्लेबाजों के लिए रन बनाना मुश्किल हो रहा था। इस बीच तुषार देशपांडे ने 19वें ओवर में ही 15 रन देकर लखनऊ की जीत सुनिश्चित कर दी थी। निकोलस पूरन ने 12 गेंद में 23 रन बनाए और विनिंग शॉट लगाकर एलएसजी को 8 विकेट से जीत दिलाई।

**सीएसके की गेंदबाजी फेल:** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज मैच पर अपनी पकड़ बना ही नहीं पाए। केवल मुस्तफिजुर रहमान और मथीशा पाथिराना ही चेन्नई की ओर से 1-1 विकेट ले पाए। पिच के हिसाब से सीएसके के पास डिफेंड करने के लिए स्कोर कम था, ऐसे में गेंदबाजों को नियमित अंतराल पर विकेट चटकाने की जरूरत थी। लेकिन रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और दीपक चाहर भी विकेट लेने में असफल साबित हुए।

# कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश को फिर बढ़त प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर

एजेंसी ▸▸ टोरंटो

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए।

अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया। गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7.5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारुआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं जबकि गुजराती के पांच अंक हैं। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिए शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4.5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला।



### क्वालीफायर नहीं खेल सकेंगे पूनिया, सुजीत

*नई दिल्ली। बिश्केक में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय कुश्ती दल को करारा झटका लगा क्योंकि देश के दो सर्वश्रेष्ठ पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत कलाकल समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे। दुबई में खराब मौसम के कारण उनकी फ्लाइट देर से बिश्केक पहुंची। भारी बारिश और बाढ़ के कारण दोनों दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे रहे और वजन कराने के समय पर नहीं पहुंच सके। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी।*



### स्टटगार्ट ओपन...



*स्टटगार्ट। जर्मनी के स्टटगार्ट में पोर्शे एरिना में पोर्शे टेनिस ग्रां प्री स्टटगार्ट 2024 के पांचवें दिन शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा के खिलाफ खेलती हुई आर्यना सबालेंका।*

## ओलंपिक चयन ट्रायल : 25 मीटर पिस्टल में शीर्ष पर रहे खिलाड़ी

# ईशा, भावेश ने पहले दिन किए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां ओलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भावेश शेखावत पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल वर्ग में शीर्ष पर रहे। ईशा ने महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल 'टी1' क्वालीफिकेशन में प्रिसिजन और रैपिड-फायर राउंड में कुल 585 का स्कोर किया, जिससे वह दूसरे स्थान पर काबिज सिमरनप्रीत कौर बराड़ से दो अंक आगे रहीं। डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में मनु भाकर (582) तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि अभिज्ञान पाटिल (577) और रिदम सांगवान (574) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।





**आज फिर देंगे चुनौती**

*पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में भावेश (580) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में देश के लिए कोटा हासिल करने वाले विजयवीर सिद्धू (579) और अनीश (578) का प्रदर्शन भी बेहतर रहा लेकिन आदर्श सिंह (572) और अंकुर गोयल (564) उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। सभी 10 निशानेबाज फाइनल शनिवार को फाइनल में फिर से चुनौती पेश करेंगे। हर वर्ग में पांच दावेदारों के बीच सर्वश्रेष्ठ स्कोर वाले शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस के लिए क्वालीफाई करेंगे।*

### अभ्यास में चल रहे हैं पीछे, पता नहीं ओलंपिक कौन जाएगा

*महान पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजी दल के ऐलान में देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे चयनित निशानेबाजों को तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। अमेरिका और इटली समेत कई देशों और यूरोपीय दिग्गजों ने टीमों का ऐलान कर दिया है। उनके निशानेबाज अभ्यास में जुट गए हैं। भारत में शीर्ष पांच पिस्टल और राइफल निशानेबाज अगले एक महीने तक चयन ट्रायल में भाग लेंगे जो 19 अप्रैल से 19 मई तक चलेगा। इसके बाद तैयारी के लिए बहुत कम समय रह जाएगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू हो रहे हैं।*

### पीएम मोदी ने क्रिकेटर शमी को याद किया

**अमरोहा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में भाजपा के करन सिंह तंवर का मुकाबला कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा, ''क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा हैं। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने भाई मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया हैं। योगी जी की सरकार दो कदम आगे बढ़ी हैं। योगी जी यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रहे हैं । मैं अमरोहा के लोगों को इसकी बहुत बहुत बधाई देता हूं।'

**PUBLIC NOTICE**

TO ALL PERSONS, let it be known that my client, the Nagpur Diocesan Trust Association, a Trust, registered under the Bombay Public Trust Act, bearing Registration No. D-5 (Nagpur) having its office at Cathedral House, All Saints Cathedral Compound, opposite Indian Coffee House, Sadar, Nagpur-440001, Maharashtra, or any of its present recorded members have not executed/issued any Power of Attorney to any person(s) or organization(s) to alienate, sell, lease, mortgage or to enter any memorandum of understanding, agreement in respect of any moveable or immovable property owned by the said Trust.

The Trust and its Managing Committee do hereby REVOKE IN ITS ENTIRETY, cancel and make void and further absolve from liability of any person(s) or organization(s) whoacts or acted on the basis of the Power of Attorney if executed earlier.

Nagpur, Dt. 20/04/2024

**Adv. BERNARD JOHN**
C-03, Taxila, Shivaji Complex, Mankapur, Nagpur-440030. Mb-9373361371





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com